●वर्ष : 16 ●अंक : 284 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHI/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

गुरुवार 06 फरवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## समाचार

### पुणे में 25 वाहनों में तोड़फोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

**महाराष्ट्र।** के पुणे शहर में बुधवार तड़के तीन बाइक सवार आरोपियों ने सड़क किनारे खड़े 25 वाहनों में तोड़फोड़ की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने बिना किसी कारण के बिबवेवाडी इलाके में वाहनों को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुणे पुलिस के पुलिस उपायुक्त (जोन 5) राजकुमार शिंदे ने कहा, बुधवार देर रात 1:40 बजे तीन बदमाशों ने बाइक पर आकर सड़क किनारे खड़े ऑटो-रिक्शा, कार और दोपहिया वाहन समेत 25 वाहनोंको नुकसान पहुंचाया। उन्होंने बताया कि वारदात के बाद आरोपी वेल्हे तहसील की ओर भाग गए, लेकिन कुछ घंटों के भीतर पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। मामले की जांच जारी है।

### कोलकाता : न्यायालय परिसर में पुलिस कर्मी का शव मिला, जांच जारी

**कोलकाता।** के डलहौजी इलाके में बुधवार सुबह कुटुंब न्यायालय परिसर में एक पुलिस कर्मी का शव मिला जिस पर गोली से बने घाव के निशान थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में आत्महत्या और हत्या समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, गोपाल नाथ (30) का शव सुबह करीब 7 बजे शहरी कुटुंब न्यायालय परिसर के भूतल की सीढ़ियों के पास एक कुर्सी पर मिला। उनके माथे पर गोली लगने का निशान था। अधिकारी ने बताया, संभावना है कि उन्होंने अपनी नौ एमएम सरकारी पिस्तौल से खुद को गोली मार ली होगी, जो उनके शव के पास पड़ी मिली थी। हमने जांच शुरू कर दी है और सभी संभावित कोणों से इसकी जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर पुलिस कर्मी पिछले कुछ समय से अवसाद से पीड़ित था। उन्होंने आगे कहा, सीसीटीवी फुटेज मंगाई गई है और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जासूसी विभाग के कर्मचारी और फोरेंसिक टीमें घटना की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने हारे स्ट्रीट पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### 14 लाख रुपये के गहने चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**महाराष्ट्र।** पुलिस ने 37 वर्षीय एक चोर को 14 लाख रुपये मूल्य के गहने चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसने कथित तौर पर पहले चोरी किए पैसों से अपनी प्रेमिका के लिए तीन करोड़ रुपये का बंगला बनवाया था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के सोलापुर का रहने वाला पंचाक्षरी स्वामी शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। स्वामी लूटे गए पैसों को अन्य महिलाओं पर खर्च करता था। पुलिस का कहना है कि आरोपी पिछले दो दशकों से देशभर में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी पंचाक्षरी स्वामी ने बेंगलुरु के मारुति नगर स्थित एक घर से 14 लाख रुपये के गहने चुराए थे। बेंगलुरु में 9 जनवरी को हुई चोरी में उसकी संलिप्तता 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की मदद से सामने आई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के पास से 181 ग्राम सोने के बिस्किट, 33 ग्राम चांदी के गहने और एक हथियार बरामद किया है।

# दिल्ली की 11 मुस्लिम बहुल सीटों पर बंपर वोटिंग

## कहां कितने पड़े वोट, किसे लगेगी चोट?

**विधानसभा सीट वोटिंग % (3 बजे तक)**

| | |
|---|---|
| चांदनी चौक | 39.64 |
| मटियामहल | 47.10 |
| बल्लीमारन | 45.67 |
| ओखला | 42.70 |
| सीमापुरी | 54.29 |
| सीलमपुर | 54.29 |
| बाबरपुर | 52.10 |
| मटिया महल | 47.10 |
| मुस्तफाबाद | 56.12 |
| करावल नगर | 52.17 |
| जंगपुरा | 44.17 |




नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक बार फिर त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है. आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की तरफ से चुनाव प्रचार में पूरा जोर लगाया गया। आज बुधवार को मतदान जारी है. आइए जानते हैं मुस्लिम बहुल सीटों पर कैसा है मतदान का ट्रेंड. दिल्ली में 11 सीटों को मुस्लिम बहुल सीट माना जाता है. चांदनी चौक, मटियामहल, बल्लीमारन, ओखला, सीमापुरी, सीलमपुर, बाबरपुर जैसी सीटों पर वोटिंग परसेंट बेहतर देखने को मिल रहा है। 11 में से सात सीटों पर वोटिंग प्रतिशत औसत से अधिक देखने को मिल रहा है. दिल्ली में दोपहर तीन बजे तक 46.55 प्रतिशत वोट डाले गए हैं।

**सीलमपुर में बुर्के की आड़ में फर्जी मतदान का आरोप**

बीजेपी ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि वह बुर्के की आड़ में फर्जी वोटर्स से मतदान करवा रहे हैं. बीजेपी ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी ने बाहर से महिलाएं लाकर, उन्हें पहले मास्क और बाद में बुर्का पहनाकर फर्जी वोटिंग कराई है. बीजेपी का आरोप है कि सीलमपुर में कई महिलाएं ऐसी भी हैं जो आरोप लगा रही हैं कि उनके नाम पर पहले ही किसी नो वोट डाल दिया है।

चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली के कई पोलिंग स्टेशनों पर विशेष तौर पर सजावट की गई है, जिसे देखकर स्थानीय वोटर्स आकर्षित हों और वोट देने के लिए मतदान केंद्र पर आएं. इस कड़ी में पटेल नगर इलाके में चुनाव आयोग ने एक पोलिंग स्टेशन पर 'चंद्रयान से चुनाव तक' थीम चुनी है।

### आप ने जंगपुरा में पैसे बांटने का लगाया आरोप

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने जंगपुरा में बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं पर मतदाताओं के बीच पैसे बांटने का भी आरोप लगाया है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि यहां पुलिस के सामने बीजेपी के लोग अपनी मनमानी कर रहे हैं लेकिन उन्हें कोई रोकने वाला नहीं है. ये कहीं से भी सही नहीं है।

## ज्वलंत मुद्दा
## सम्पादकीय



### भारत में आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के हो रहे हैं प्रयास

विश्व के कुछ देशों में सत्ता परिवर्तन के बाद आर्थिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हुए दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से अमेरिका में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प विभिन्न देशों को लगातार धमकी दे रहे हैं कि वे इन देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर कर की दर में वृद्धि कर देंगे। दिनांक 4 फरवरी 2025 से कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले उत्पादों के आयात पर 20 प्रतिशत एवं चीन से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का आयात कर लगा दिया है। वैश्विक स्तर पर उक्त प्रकार की उथल पुथल के अतिरिक्त रूस यूक्रेन युद्ध जारी ही है एवं कुछ समय पूर्व तक हमास इजराईल युद्ध भी चलता ही रहा था। वैश्विक स्तर पर उक्त विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारत, अपनी आर्थिक विकास दर को कायम रखते हुए, विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हां, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम दो तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत एवं 5.3 प्रतिशत क्रमशः के आसपास रही है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो आगे आने वाले दो दशकों तक आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखना आवश्यक होगा। अतः केंद्र सरकार द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर को इस वित्तीय वर्ष की दो तिमाहियों में दर्ज की गई लगभग 5.3 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभी हाल ही में केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने लोक सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया है। इस बजट के माध्यम से ऐसे कई निर्णय लिए गए हैं जिससे देश की आर्थिक विकास दर पुनः एक बार 8 प्रतिशत से ऊपर निकल जाए। दरअसल, आज देश में उत्पादों की मांग को बढ़ाना अति आवश्यक है जो पिछले कुछ समय से लगातार कम होती दिखाई दे रही है। इसके लिए आम नागरिकों के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध रहे, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## व्हीलचेयर पर बैठे माता-पिता को पोलिंग बूथ तक ले गए अरविंद केजरीवाल

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल और माता-पिता गोबिंद राम केजरीवाल और गीता देवी के साथ बुधवार को नई दिल्ली के लेडी इरविन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह मतदान केंद्र पर



व्हीलचेयर पर बैठे अपने माता-पिता के साथ नजर आ रहे हैं। वीडियो में केजरीवाल अपने मां की व्हीलचेयर को पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि उनका बेटा व्हीलचेयर पर बैठे अपने दादा की मदद कर रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मतदाताओं से अपील की कि वे राष्ट्रीय राजधानी के भविष्य को आकार देने में अपने वोट के महत्व को पहचानें। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए संदेश में केजरीवाल ने कहा, आपका वोट सिर्फ एक बटन नहीं है, यह आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। यह हर परिवार को अच्छे स्कूल, बेहतरीन अस्पताल और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने का अवसर है। केजरीवाल का यह संदेश दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने के समय आया। दिल्ली में लगभग 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए पात्र हैं। इस चुनाव पर सबकी नजर है, क्योंकि यह दिल्ली के शासन की भविष्य की दिशा निर्धारित करेगी। अपनी अपील में केजरीवाल ने चुनाव के नैतिक और राजनीतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने दिल्लीवासियों से झूठ, नफरत और डर की राजनीति के बजाय सत्य, विकास और ईमानदारी को चुनने का आग्रह किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं वोट करें, बल्कि अपने दोस्तों, परिवारों और पड़ोसियों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। केजरीवाल ने कहा, गुंडागर्दी हारेगी, दिल्ली जीतेगी। मतदाताओं को चुनाव में भागीदारी करने का आह्वान करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि चुनाव अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई है।

## भक्ति की भावना से भर गया..., संगम में पवित्र स्नान के बाद पीएम मोदी का ट्वीट

नूना न्यूज एजेंसी।



**प्रयागराज।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में त्रिवेणी संगम पर पूजा की और संगम में पवित्र स्नान किया। इसके बाद मोदी ने एक्स पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। मोदी ने लिखा कि प्रयागराज में महाकुंभ में आकर धन्य हुआ। संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का एक क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह, मैं भी भक्ति की भावना से भर गया था। माँ गंगा सभी को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद दें। प्रयागराज पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यमुना नदी में नाव से सैर की। उन्हें चमकीले केसरिया रंग का जैकेट और नीला ट्रैकपैंट पहने देखा गया। पौष पूर्णिमा (13 जनवरी, 2025) को शुरू हुआ महाकुंभ 2025 दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जो दुनिया भर से भक्तों को आकर्षित करता है। महाकुंभ 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधान मंत्री ने तीर्थ स्थलों पर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार सक्रिय कदम उठाए हैं। इससे पहले, 13 दिसंबर, 2024 को अपनी प्रयागराज यात्रा के दौरान, प्रधान मंत्री ने 5,500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिससे आम जनता के लिए कनेक्टिविटी, सुविधाओं और सेवाओं में सुधार हुआ।

## वोट डालने के बाद बोलीं आतिशी, ये चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं, धर्मयुद्ध है

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में अपना वोट डालने से पहले, मुख्यमंत्री और कालकाजी विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार आतिशी ने बुधवार को चुनाव को "सच्चाई बनाम झूठ" की लड़ाई करार दिया और पार्टी की जीत की उम्मीद करते हुए कहा कि दिल्ली के लोग सच्चाई के साथ खड़े होंगे और गुंडागर्दी को हराएंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी अपने चुनावी मताधिकार का प्रयोग करने



से पहले कालकाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पत्रकारों से बात करते हुए आतिशी ने कहा कि सच्चाई बनाम झूठ की इस लड़ाई में मुझे उम्मीद है कि दिल्ली की जनता सच के साथ खड़ी होगी, काम करेगी और गुंडागर्दी को हरायेगी। उन्होंने आगे दिल्ली पुलिस पर भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया। आतिशी ने अपना विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि लोग काम करने वालों को वोट देंगे न कि गुंडों को। आतिशी ने कहा कि दिल्ली का ये चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है, ये धर्मयुद्ध है। यह अच्छे और बुरे के बीच की लड़ाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ पढ़े-लिखे लोग हैं जो विकास के लिए काम कर रहे हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं जो गुंडागर्दी कर रहे हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि जनता काम करने वालों को वोट देगी, गुंडों को नहीं। दिल्ली पुलिस खुलेआम बीजेपी के लिए काम कर रही है। आतिशी कालकाजी सीट से पूर्व अअढ नेता और कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा और बीजेपी के रमेश बिधूड़ी के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं। इससे पहले आज, आतिशी ने मतदाताओं से राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे विधानसभा चुनावों में मतदान करने का आग्रह किया।

## दिल्ली में परिवर्तन की लहर... वोटिंग के बीच वीरेंद्र सचदेवा का दावा

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप पर हार के डर से चुनावी कदाचार का सहारा लेने का आरोप लगाया। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल और उनकी पार्टी फर्जी मतदाताओं का इस्तेमाल कर रही है। पुलिस ने उनमें से कुछ को पकड़ भी लिया है। मैं दिल्लीवासियों से बड़ी संख्या में मतदान करने और आप की धोखेबाज रणनीति को खारिज करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में परिवर्तन की लहर है। लोग भ्रष्ट सरकार के खिलाफ वोट कर रहे हैं। अब, यह 'आप-दा' - 'फर्जी' सरकार इस हद तक आ गई है कि वह फर्जी वोटिंग की सुविधा दे रही है। सचदेवा ने कहा कि हमारे पास जो जानकारी है वह यह है कि कस्तूरबा नगर निर्वाचन क्षेत्र में लोगों को फर्जी वोट डालते हुए पकड़ा गया था। मैं दिल्ली के लोगों से अपील करता हूं कि वे उनकी (आप) रणनीति के प्रति सतर्क रहें और पीएम मोदी के विकसित भारत और विकसित दिल्ली के संकल्प को पूरा करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करें। दिल्ली विधानसभा चुनाव के तहत बुधवार को जारी मतदान के बीच सीलमपुर और कस्तूरबा नगर सहित राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में फर्जी मतदान के आरोप सामने आए।

## कर्ज से कई गुना अधिक वसूला जा चुका है, विजय माल्या ने किया कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख

नूना न्यूज एजेंसी।

**कर्नाटक।** भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और दावा किया कि बैंकों ने किंगफिशर एयरलाइंस ऋण डिफॉल्ट मामले में मुख्य ऋण राशि कई गुना अधिक वसूली है। अपनी याचिका में माल्या ने बैंकों को वसूली गई रकम का अकाउंट स्टेटमेंट मुहैया कराने का निर्देश देने की मांग की थी। न्यायमूर्ति आर देवदास ने एसबीआई और पंजाब नेशनल बैंक, एक वसूली अधिकारी और एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी सहित 10 बैंकों को नोटिस जारी किया। माल्या का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता साजन पूवैया ने कहा कि किंगफिशर एयरलाइंस पर लगभग 6,200 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया है, जिसमें से 14,000 करोड़ रुपये पहले ही वसूले जा चुके हैं। वित्त मंत्री ने लोकसभा को इसकी जानकारी दी है। वकील ने कहा कि ऋण वसूली अधिकारी ने बताया कि 10,200 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। भले ही पूरी ऋण राशि का निपटान कर दिया गया हो, वसूली प्रक्रिया अभी भी जारी है। माल्या ने बैंकों द्वारा किसी भी



आगे की वसूली कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाने और उनके और किंगफिशर एयरलाइंस की होल्डिंग कंपनी यूनाइटेड ब्रुअरीज होल्डिंग्स द्वारा बकाया सभी राशियों का विवरण प्रदान करने का निर्देश देने की मांग की। पिछले साल, 2016 में ब्रिटेन भाग गए भगोड़े शराब कारोबारी ने एक एक्स पोस्ट में दावा किया था कि बैंकों ने ऋण वसूली न्यायाधिकरण द्वारा आदेशित 6,203 करोड़ रुपये से दोगुने से अधिक कर्ज वसूल किया है। उन्होंने लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान का भी हवाला दिया कि माल्या की 14,131.6 करोड़ रुपये की संपत्ति बैंकों को वापस कर दी गई। भगोड़े कारोबारी को सीबीआई ने आईडीबीआई बैंक-किंगफिशर एयरलाइंस ऋण धोखाधड़ी मामले में आरोपी के रूप में नामित किया है। मुकदमे का सामना करने के लिए माल्या को भारत वापस लाने की कार्यवाही चल रही है।

## राघव चड्ढा का आरोप, रिलीवर को मतदान केंद्र में नहीं जाने दिया जा रहा

### केजरीवाल बोले- ये तो हद हो गई

नूना न्यूज एजेंसी।

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को आरोप लगाया कि मतदान केंद्रों के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी उनके रिलीवर्स को मतदान केंद्र के अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। चड्ढा ने दावा किया कि उन्हें नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधे बूथों पर ऐसी कई शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि रिलीवर और पोलिंग एजेंट दोनों को पोलिंग एजेंट का दर्जा दिया जाता है। लेकिन नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों से ऐसी शिकायतें आ रही हैं. लगभग आधे बूथों पर यह शिकायत आ रही है कि



रिलीवर को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। चड्ढा ने कहा कि मतदान केंद्र के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी हमारे रिलीवर को अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। अगर रिलीवर अंदर नहीं गया और हमारा पोलिंग एजेंट बाहर नहीं आया तो कितनी वोटिंग हुई? क्या उस बूथ पर कोई फर्जी वोटिंग या किसी तरह का विवाद हुआ था? ईवीएम ठीक से काम कर रही है या नहीं, ये सारी बातें आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आ सकतीं। इस बात पर जोर देते हुए कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होने चाहिए, चड्ढा ने कहा कि पार्टी जिला चुनाव अधिकारी के संपर्क में है और उनसे अनुरोध किया है कि वे अपने रिलीवर्स को मतदान केंद्रों के अंदर जाने की अनुमति दें। इसके अलावा, उन्होंने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त, मुख्य चुनाव अधिकारी दिल्ली और डीएम, नई दिल्ली को लिखित रूप में अपने दावे प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं पूरे प्रशासन से मांग करने आया हूं. हमने जिला निर्वाचन अधिकारी से भी बात की है, हमने उनसे अनुरोध किया है कि हमारे रिलीवर को अंदर जाने की अनुमति दी जाए। सभी के लिए समान अवसर होना चाहिए और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। जो मतदाता किसी भी पार्टी को वोट देना चाहता है उसे उस पार्टी को वोट देने की अनुमति दी जानी चाहिए। अब अगर कोई है। अंतिम दिन हस्तक्षेप हुई और अगर गुंडागर्दी हुई तो यह ठीक नहीं। चड्ढा ने कहा कि हमने ये सारी बातें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त, मुख्य चुनाव अधिकारी दिल्ली और डीएम, नई दिल्ली को भी लिखित रूप से दी हैं। इसी को लेकर अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि ये तो हद हो गई। रिलीवर को कैसे अंदर नहीं जाने दोगे। अंदर वाले बूथ एजेंट को अगर टॉयलेट जाना है तो क्या उसे बंदी बनाकर रखोगे। उसकी जगह रिलीवर तो जाएगा। ये तो मानवाधिकार का उल्लंघन है। आप बूथ एजेंट्स को बंदी बनाकर कैसे रख सकते हो।

# दिल्ली मंडल बना भारतीय रेलवे का सबसे अधिक विद्युतीकृत मंडल, कर्मचारियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए



नई दिल्ली, फरवरी : दिल्ली मंडल ने भारतीय रेलवे में इलैक्ट्रिक ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन (टी.आर.डी.) के 100 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, नई दिल्ली में भव्य समारोह आयोजित किया। यह कार्यक्रम रेलवे विद्युतीकरण की एक सदी की प्रगति, नवाचार और स्थिरता को चिह्नित करता है, जो भारतीय रेलवे की आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली सुखविंदर सिंह ने की। उन्होंने विद्युत कर्षण की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दिल्ली मंडल का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण होने के साथ ही यह 3651 ट्रैक किलोमीटर के साथ भारतीय रेलवे का सबसे अधिक विद्युतीकरण ट्रैक किलोमीटर वाला मंडल बन गया है। इस उपलब्धि पर उन्होंने विद्युत कर्षण विभाग के कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें सुरक्षा व उत्कृष्टता के प्रति प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक और वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता,कर्षण वितरण भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल रेल कार्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्युत कर्षण वितरण (टीआरडी) विभाग के कर्मचारियों और उनके परिवारों द्वारा बनाए गए पोस्टर्स, पेंटिंग और कविताओं की प्रदर्शनी लगाई गई। इसके अतिरिक्त, एक अन्य प्रदर्शनी में डीसी ट्रैक्शन और एसी ट्रैक्शन उपकरणों को प्रदर्शित किया गया, जिससे रेलवे के विद्युतीकरण विकास को दर्शाया गया। समारोह के दौरान मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह ने विद्युत कर्षण वितरण कर्मचारियों को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# वन (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली विभिन्न जनहित



**नई दिल्ली।** वन (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का 3 फरवरी 2025 का अंतरिम आदेश स्वागत योग्य है। सरकार ने संसद के माध्यम से जबरदस्ती इस अधिनियम को थोप दिया था। सुनवाई की अगली तारीख 4 मार्च 2025 है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक भारत सरकार या राज्यों द्वारा कोई भी कदम नहीं उठाया जाना चाहिए जिससे वन भूमि में कमी आए। बिना किसी अन्य स्थान पर वनीकरण (वन तैयार करने) के लिए भूमि प्रदान किए बिना ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता है। लेकिन, यह मुद्दा और भी बुनियादी है। दूसरी जगह वन तैयार करना (वनीकरण) जैव-विविधता से भरे प्राकृतिक वनों के नुकसान का कोई विकल्प नहीं है। यह एक आसान रास्ता है लेकिन इसका सहारा एकदम अंतिम उपाय के रूप में लिया जाना चाहिए। अभी यह आप बात हो गई है, जो कि विनाशकारी है। इसे जबरदस्ती थोपे जाने बाद यह 7 अगस्त 2023 का मेरा बयान था।

# गुरुग्राम के गांवों और झुग्गियों में पहुंचेगी हैल्थकेयर बस, स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने की पहल

गुरुग्राम, फरवरी : विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सिग्नेचर ग्लोबल फाऊंडेशन के सहयोग से आर्टेमिस अस्पताल ने अपने नए हैल्थकेयर प्रोजैक्ट ह्यआरोग्यराइजह्न की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और वंचित समुदायों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। इस प्रोजैक्ट के तहत अत्याधुनिक हेल्थकेयर बसें गुरुग्राम के आसपास के गांवों और झुग्गी बस्तियों में जाएंगी। ये मोबाइल क्लीनिक कैंसर स्क्रीनिंग, फेफड़ों की जांच और गंभीर रूप से बीमार रोगियों को आईसीयू सेवाएं प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में आर्टेमिस हॉस्पिटल्स के वरिष्ठ विशेषज्ञ, डा. ललित कुमार (चेयरपर्सन ऑन्कोलॉजी), डा. प्रिया तिवारी (हैड मैडीकल ऑन्कोलॉजी) और डॉ. मुकेश पाटेकर (यूनिट हैड मैडीकल ऑन्कोलॉजी) मौजूद रहे। डॉ. ललित कुमार ने कहा कि आरोग्यराइज सिर्फ एक कैंसर स्क्रीनिंग पहल नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की किरण है।

इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों तक जांच और इलाज की सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कैंसर के खिलाफ लड़ाई की शुरूआत इसकी जल्दी जांच से शुरू होती है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए दूरदराज के गांवों तक पहुंचने के लिए प्रयासरत हैं कि कोई भी पीछे न रह जाए। हमारा मिशन कैंसर की लड़ाई में इलाज के लिए एकजुट होना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इलाज हर किसी तक पहुंचे।

# भारत में सर्कुलर इकोनॉमी और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने की पहल

नई दिल्ली, फरवरी : रेस ईको चेन लिमिटेड ने गणेशा इकोस्फीयर लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक संयुक्त उद्यम की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत पूरे भारत में कई पीईटी फ्लेक्स वाशिंग लाइन स्थापित की जाएंगी। नई संयुक्त इकाई, गणेशा रीसाइक्लिंग चेन प्राइवेट लिमिटेड का उद्देश्य फ्लैक्स की बढ़ती मांग को पूरा करना है, जो विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व और स्थिरता संबंधी आवश्यकताओं के कारण तेजी से बढ़ रही है। यह साझेदारी रेस ईको चेन के अखिल भारतीय स्क्रैप आपूर्ति नैटवर्क और गणेशा इकोस्फीयर की पीईटी रीसाइक्लिंग में दशकों की विशेषज्ञता को जोड़कर एक मजबूत और अनुपालन प्रसंस्करण अवसंरचना विकसित करेगी। संयुक्त उद्यम के तहत रेस ईको चेन वॉशिंग लाइनों के लिए आवश्यक कच्चे माल की आपूर्ति को व्यवस्थित करेगी। रेस ईको चेन लिमिटेड के बिजनैस हैड, आदित्य पारीक ने कहा कि यह संयुक्त उद्यम हमारे मूल्य वर्धित व्यवसाय को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ जाएगा।

# राहुल बोले- जाति जनगणना से देश में नए तरीके की राजनीति और विकास होगा



**नई दिल्ली।** 05 फरवरी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश में जाति जनगणना करवाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि इससे देश में नए तरीके की राजनीति और विकास होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और आरएसएस जाति जनगणना नहीं करवाना चाहते हैं। बिहार के पटना में महान स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी के जयंती समारोह को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को अभी उनका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि देश के संस्थानों और बड़ी कंपनियों के मालिकों की लिस्ट में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के नाम कहीं नजर नहीं आते। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि आज हिंदुस्तान में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक ओर आरएसएस-भाजपा हैं, वहीं दूसरी तरफ अंबेडकर, महात्मा गांधी और जगलाल चौधरी जैसी हस्तियां हैं, जिन्होंने दलितों एवं अन्य कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। दलितों के दिल में जो दुख-दर्द था, अंबेडकर जी और जगलाल चौधरी जी ने उस आवाज को उठाया था। राहुल गांधी ने कहा कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को प्रतिनिधित्व तो मिला, लेकिन सत्ता में भागीदारी के बिना प्रतिनिधित्व का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी दावा करते हैं कि उनकी पार्टी में वंचित समुदायों से कई विधायक और सांसद हैं। लेकिन उन्होंने विधायकों और सांसदों की सभी ताकतें छीन ली हैं। कमजोर वर्गों के लोग मंत्री तो बन गए, लेकिन ओएसडी आरएसएस का होता है, जिसके हाथ में असली नियंत्रण होता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि सोमवार को संसद में उन्होंने अपने भाषण में जाति जनगणना की बात थी। उसके बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री ने संसद को संबोधित किया, लेकिन डेढ़ घंटे के भाषण में एक बार भी जाति जनगणना के बारे में नहीं बोला। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा-आरएसएस जाति जनगणना नहीं चाहते हैं। वे नहीं चाहते कि देश की सच्चाई सामने आए।

# सरकार ने हज सुविधा एप्प और हज यात्रियों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर हज यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाया

नई दिल्ली, फरवरी : हज यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने हेतु ह्यहज सुविधा ऐपह्न लॉन्च किया गया था। हज यात्री प्रशिक्षण सामग्री, ठहरने की जगह और उड़ान संबंधी विवरण, सामान से संबंधित जानकारी, आपातकालीन हेल्पलाइन (एसओएस), शिकायत निवारण, फीडबैक, भाषाई अनुवाद और हज यात्रा से संबंधित विविध प्रकार की जानकारी पाने के लिए इस ऐप का उपयोग कर सकते हैं। यह ऐप हज से संबंधित कार्यों के प्रबंधन के लिए सऊदी अरब में तैनात सरकारी अधिकारियों के लिए रियल टाइम निगरानी और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई में सहायता कर एक प्रशासनिक इंटरफेस भी प्रदान करता है तथा बेहतर तालमेल और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। हज-2024 के दौरान भारत से कुल 1,75,025 हज यात्रियों में से 78,000 से अधिक ने इस ऐप पर पंजीकरण कराया और इस ऐप के माध्यम से 8,500 से अधिक शिकायतों और 2,100 से अधिक एसओएस कॉल का निपटारा किया गया। इसके अलावा, ऐप के माध्यम से सामान की पहचान के लिए क्यूआर कोड प्रणाली शुरू किए जाने के परिणामस्वरूप हज-2024 के दौरान सामान गुम होने के मामलों में भारी कमी आई।

वर्ष 2024 में कुल 4558 महिला हज यात्रियों ने बिना मेहरम (पुरुष साथी) के हज यात्रा की, जो हज-2018 में बिना मेहरम वाली महिलाओं की श्रेणी शुरू किए जाने के बाद से अब तक की अधिकतम संख्या है। भारत सरकार भारतीय हज यात्रियों के कल्याण और भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और हज की अवधि के दौरान सऊदी अरब में कई अस्थायी स्वास्थ्य सुविधाएं स्थापित करती है, ताकि बुजुर्गों सहित भारतीय हज यात्रियों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित किया जा सके। सऊदी अरब में हज यात्रियों के उपचार के संबंध में आवश्यक सहायता भारत सरकार के प्रबंधन वाले भारतीय हज मिशन के माध्यम से तथा तृतीयक देखभाल के लिए सऊदी कानून के अनुसार प्रदान की गई।

# खेतों में पलटी बस, एक दर्जन यात्री घायल

राजौंद, फरवरी : गांव किछाना से जाखौली जाने वाले लिंक रोड पर बुग्गी को रास्ता देने के चक्कर में एक निजी बस खेतों में पलट गई जिससे दर्जन भर सवारियों को चोटें आई हैं। चार लोगों को ज्यादा चोट आई है जिनका इलाज कैथल के नागरिक अस्पताल इलाज में चल रहा है। जानकारी के अनुसार कैथल असंध मार्ग पर चलने वाली एक निजी बस जब गांव किछाना से जाखौली की तरफ जा रही थी तो सामने से आ रहे एक बुग्गी झोटे को रास्ता देने के चक्कर में बस कच्चे में उतर गई जिससे बस का पहिया धंसने से बस साथ लगते गेहूं के खेत में पलट गई। काफी लोग मौके पर पहुंच गए जिन्होंने बस में सवारियों को बाहर निकाला। कुछ लोगों को जाखौली के सरकारी अस्पताल में भेजा गया। इनमें चार लोगों को ज्यादा चोट बताई जा रही है जिनका इलाज कैथल के सरकारी अस्पताल में चल रहा है।

# रेलवे ने बसंत पंचमी पर्व पर 300 से अधिक ट्रेनों का किया सफल संचालन

नई दिल्ली, फरवरी : महाकुंभ प्रयागराज में बसंत पंचमी का दिव्य, भव्य अमृत स्नान संपन्न हुआ, जिसमें देश के कोने-कोने से आए करोड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मेला प्राधिकरण के अनुमान के मुताबिक बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया। प्रयागराज रेल मंडल ने तीर्थ यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए बसंत पंचमी पर्व के दिन 106 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। इसके साथ ही लगभग 200 नियमित ट्रेनें भी शहर के सभी स्टेशनों से चलाई गई। महाकुम्भ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान का विशेष महत्व है। इस वर्ष महाकुंभ में बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया, जिनके सुगम और सुरक्षित आवागमन के लिए प्रयागराज रेल मंडल ने लगभग 200 नियमित और 106 मेला स्पैशल ट्रेनों का संचालन किया। मेला स्पेशल ट्रेनें शहर के सभी स्टेशनों से दिशावार गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक चलाई गई। लखनऊ, रायबरेली के लिये प्रयाग, फाफामऊ स्टेशन से तो वाराणसी की ओर जाने के लिए रामबाग और झूंसी स्टेशन से स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। दिल्ली, आगरा और कानपुर की ओर प्रयागराज जंक्शन और सूबेदारगंज से, जबकि सतना, मैहर, मानिकपुर दिशा के लिए नैनी और छिवकी स्टेशन से ट्रेनों का संचालन किया गया। अनुमान के मुताबिक बसंत पंचमी पर्व पर लगभग 10 लाख यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचा गया।

# पावर ग्रिड का तिमाही मुनाफा 3,862 करोड़, कुल आय 11,743 करोड़

नई दिल्ली, फरवरी : पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, जो भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है, ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीने के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने 3,862 करोड़ का शुद्ध लाभ और 11,743 करोड़ की कुल आय दर्ज की है। स्टैंडअलोन आधार पर, कंपनी का पैट 3,894 करोड़ और कुल आय 11,609 करोड़ रही। 9 महीने के दौरान कंपनी ने समेकित आधार पर 11,379 करोड़ का पैट और 34,869 करोड़ की कुल आय प्राप्त की, जबकि नौ महीने में यह आंकड़ा 11,407 करोड़ और 34,608 करोड़ था। स्टैंडअलोन आधार पर नौ महीने में पैट 11,017 करोड़ और कुल आय 33,843 करोड़ रही, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 11,347 करोड़ और 33,562 करोड़ थी। पावरग्रिड के निदेशक मंडल ने 3.25 प्रति इक्विटी शेयर (10 अंकित मूल्य) का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया है, जो चुकता इक्विटी पूंजी का 32.50 है। इससे पहले कंपनी ने वित्त वर्ष 25 के लिए 4.50 प्रति शेयर का पहला अंतरिम लाभांश घोषित किया था, जिससे कुल अंतरिम लाभांश 7.75 प्रति शेयर हो गया। कंपनी ने नौ महीने में 17,651 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया और 7,423 करोड़ की परिसंपत्तियों को चालू किया। 31 दिसंबर 2024 तक, पावर ग्रिड की कुल स्थिर परिसंपत्ति 2,88,801 करोड़ हो गई। अंत तक, कंपनी और उसकी सहायक इकाइयों के पास 1,79,594 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन, 280 सब स्टेशन और 5,46,461 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता थी। पावर ग्रिड ने नौ महीने के दौरान 99.81 फीसदी औसत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखी।

# ओपन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन कम्युनिटी सेंटर में हुआ

**रिपोर्ट :- रजत शर्मा**

**दिल्ली।** सेक्टर 10 के कम्युनिटी सेंटर आयोजित किया गया , जिसमें 10 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया इस जिसमें चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ग्वालियर, मुंबई राजस्थान वे हरियाणा से काफी खिलाड़ीयो ने भाग लिया है। हरियाणा के गुड़गांव शहर के साईं कराटे अकादमी से 19 खिलाड़ियों में भाग लिया और सभी खिलाड़ियों ने अपना जोर आजमाया और प्रतियोगिता में दो एवेंट्स ने भाग लिया। जैसे की काटा और कुमिते मे इन सभी खिलाड़ियों ने दर्शकों का मन मोह लिया इन खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए बहुत दिनों से जीतने के लिए मेहनत और अपने दिनचर्य में लग गए थे। साईं कराटे एकेडमी सेक्टर 5 गुडगांव के खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण 14 रजत 17 कांस्य पदक पर अपने कला शौर्य का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को रोमांचित कर दिया। इस ऐतिहासिक सफल कार्यक्रम के



लिए स्पोर्ट्स सीटोंकाई कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिय और सपोर्ट्स कराटे डु असोसीएशन महासचिव शिहान सुनील सैनी ने कहा कि गुरुग्राम से भाग लेने वाले खिलाड़ियों के नाम एस प्रकार है शिवांग प्रताप सिंह आयु 7 भार वर्ग 24 स्वर्ण, कांस्य पदक तनुश पाहुजा आयु 9 भार वर्ग 38 स्वर्ण, रजत पदक दुर्जोय सिंह आयु 8 भार वर्ग 28 स्वर्ण और कांस्य पदक दीप्सा मक्कार आयु 8 भार वर्ग 35 स्वर्ण, कांस्य पदक आर्यवीर सिंह आयु 9 भारवर्ग 32 स्वर्ण, रजत मेडल शिवम सिंह आयु 10भारवर्ग 44 स्वर्ण, रजत पदक प्रियांशी आयु 12 भारवर्ग 43 स्वर्ण, कांस्य पदक जिया यादव आयु 15 भारवर्ग 47 स्वर्ण,कांस्य पदक हरमन तिवारी आयु 8 भारवर्ग 29 स्वर्ण,कांस्य पदक अथर्व आयु 9 भारवर्ग 47 सिल्वर, कांस्य पदक आदित राज आयु 8भारवर्ग 44 दो कांस्य पदक सृष्टि मिश्रा आयु 13 भारवर्ग 41 दो कांस्य पदक शिवम सैनी आयु 10 भारवर्ग 47 रजत, कांस्य पदक गौरवी ठाकुर आयु 8 भारवर्ग 29 दो रजत पदक नितिन जागरा आयु 11 भारवर्ग 45 दो कांस्य पदक काव्यांजलि साहू आयु 9भारवर्ग 39 रजत, कांस्य पदक रेयांश शास्वत आयु 13 भारवर्ग 51 दो रजत मेडल साईअंश भारद्वाज आयु 14 भारवर्ग 59 रजत, कांस्य पदक अनन्या प्रताप सिंह आयु 5 भारवर्ग 17 दो रजत मेडल टीम कि महिला कोच लकीमणि दास और बंटी और अर्जुन न भूमिका निभाई।

# एनएचएआई और फोर्टिस अस्पताल ने कैंसर जागरूकता अभियान आयोजित किया

नई दिल्ली, फरवरी : विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर फोर्टिस अस्पताल, मानेसर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ मिलकर खेड़की दौला टोल प्लाजा पर कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर निदान व उपचार के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएचएआई के महाप्रबंधक आकाश पाधी ने किया, जिन्होंने इस पहल को स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। फोर्टिस हॉस्पिटल के वरिष्ठ विशेषज्ञों, डॉ. विनय सैमुअल गायकवाड़ (डायरेक्टर, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) और महिपाल भनोत (सीनियर वाइस प्रैजिडैंट एवं बिजनेस हेड) ने कैंसर की रोकथाम और उन्नत उपचार सुविधाओं पर प्रकाश डाला। फोर्टिस मानेसर के फेसिलिटी डायरैक्टर अभिजीत सिंह ने कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त किया, जबकि डॉ. गायकवाड़ ने कैंसर के शुरूआती निदान और उपचार की महत्ता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में कैंसर सर्वाइवर्स ने भी अपने अनुभव साझा किए, जिससे प्रतिभागियों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की प्रेरणा मिली। एनएचएआई और फोर्टिस की इस साझेदारी ने कैंसर के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत किया।

# पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों ने पहली बार किया मतदान

**दिल्ली।** के मजनू का टीला में एक मतदान केंद्र पर रेशमा ने बुधवार को गर्व की भावना के साथ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का बटन दबाया और उनके चेहरे पर मुस्कान फैल गई। 50 वर्षीय महिला ने अपने जीवन में पहली बार सिर्फ एक उम्मीदवार चुनने के लिए नहीं, बल्कि अपने परिवार के भविष्य के लिए वोट डाला। रेशमा उन 186 पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों में से एक हैं, जिन्होंने वर्षों की अनिश्चितता के बाद, दिल्ली विधानसभा चुनावों में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो राज्यविहीनता से नागरिकता तक की उनकी यात्रा में एक शक्तिशाली क्षण था। इन सभी को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत भारतीय नागरिकता मिल गई। पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी समुदाय के अध्यक्ष धर्मवीर सोलंकी ने उम्मीद जताई कि उनका संघर्ष कम होगा। उन्होंने कहा, "अब, हमें लगातार अपना स्थान नहीं बदलना पड़ेगा। हमें अंततः स्थायी घर और आजीविका का एक स्थिर साधन मिलेगा।" सोलंकी ने कहा कि हमारे समुदाय के लोग इतने उत्साहित थे कि वे शरणार्थियों के पुनर्वास कॉलोनी मजनू का टीला में मतदान केंद्र के बाहर कतार में खड़े थे। चंद्रमा ने भावुक होते हुए कहा, "मैं यहां 17 साल से रह रही हूं, लेकिन आज पहली बार मुझे सचमुच ऐसा महसूस हो रहा है कि मैं हिंदुस्तान का हिस्सा हूं।" उन्होंने कहा, "लंबे संघर्ष के बाद अब मुझे उम्मीद है कि मेरे बच्चों को बेहतर जिंदगी मिलेगी।" दशकों से, हजारों पाकिस्तानी हिंदू धार्मिक उत्पीड़न से भागकर भारत में शरण लेते रहे हैं। कई लोग दिल्ली के मजनू का टीला में बस गए, अस्थायी आश्रयों में रहने लगे और दैनिक मजदूरी का काम करने लगे।

# गाड़ी से कुचलकर दोस्त की हत्या करने का आरोपी काबू

पानीपत, फरवरी : सीआईए वन पुलिस टीम ने थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र में युवक की इक्को गाड़ी से कुचलकर हत्या करने मामले में आरोपी को सोमवार देर शाम काबड़ी बाईपास से काबू किया है। आरोपी की पहचान दलबीर निवासी अर्जुन नगर के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में सुखदेव पुत्र अनिल निवासी कुलदीप नगर ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसका सबसे बड़ा भाई 30 वर्षीय कन्हैया उर्फ बकरा फैक्टरी में काम करता था। जो कभी कभी ज्यादा शराब पी लेता था। गत 20 जनवरी की रात करीब 11 बजे उन्हें पता लगा कि कन्हैया बदहवास हालत में हवा सिंह फैक्टरी के सामने पड़ा है। वह अपने पिता के साथ मौके पर पहुंचा। उन्हें लगा कन्हैया ने ज्यादा शराब पी ली है वह उठाकर उसको घर ले गए। इसके बाद 21 जनवरी को कन्हैया ने सीने में दर्द होने की बात बताई। उसने घर में रखी दर्द की दवा उसको दे दी। इसके बाद दोपहर करीब 1 बजे कन्हैया को हस्पताल ले जाने के लिए उठाने लगे तो वह बदहवाश हो गया। नब्ज चैक की तो उसकी मौत हो चुकी थी। हमने उसकी प्राकृतिक मौत समझ कर उसका



हत्या आरोपी के साथ पुलिस टीम । छाया :मोहन लाल

अंतिम संस्कार कर दिया था। वहीं गत 24 जनवरी को अमित पुत्र ज्ञान निवासी गढ़ी सिकंदरपुर ने हमें घर आकर बताया कि कन्हैया उर्फ बकरा की हत्या हुई है। अमित ने उनको बताया 20 जनवरी को वह और कन्हैया कुलदीप नगर के ही रहने वाले दलबीर पुत्र महाबीर, शिव कुमार उर्फ वीरा पुत्र प्रमाल एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। शराब पीने के दौरान दलबीर व कन्हैया की कहासुनी हो गई थी। हमने शिव कुमार को वही छोड़ दिया था और हम तीनों अपनी इक्को गाड़ी में बैठकर घर की तरफ चल दिए। विशाल फैक्टरी के पास पहुंचे तो पेशाब करने के लिए गाड़ी को रोक दिया। इसके बाद तीनों गाड़ी से नीचे उतर गए। वह बाथरूम करने लगा इसी बीच दलबीर फिर से कन्हैया उर्फ बकरा के साथ मारपीट करने लगा। उसने बीच बचाव करवा दिया। इसके बाद कन्हैया पैदल घर की और जाने लगा। तभी दलबीर ने गाड़ी को तेज रफ्तार से चलाते हुए कन्हैया को टक्कर मार दी। दलबीर कन्हैया को गाड़ी से कुचलकर फरार हो गया। कन्हैया उर्फ बकरा की हत्या दलबीर ने की है। थाना पुराना औद्योगिक में सुखदेव की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी दलबीर ने कन्हैया उर्फ बकरा की अपनी इक्को गाड़ी से कुचलकर हत्या की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकार किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसकी काफी सालों से कन्हैया के साथ दोस्ती थी। उनके घर पर भी कन्हैया का आना जाना था। उसे यह शक था कि उसकी पत्नी का कन्हैया उर्फ बकरा के साथ अफेयर है। इसी शक में वह कन्हैया से रंजिश रखने लगा। और उसे मारने की ताक में रहता था। वहीं गहनता से पूछताछ करने व वारदात में प्रयुक्त इक्को गाड़ी बरामद करने के लिए पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के साथ राजधानी के निर्वाचन सदन में चुनाव आयुक्त से मुलाकात के बाद बाहर आते हुए। (सईद अहमद)

समाचार

## भारतीय किसान यूनियन शंकर ने चलाया जन जागरण अभियान



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को तहसील हसनपुर क्षेत्र के पिपलोती कला व खुर्द में जन जागरण कार्यक्रम चलाया गया जिसमें दर्जनों कार्यकताओं को सदस्यता ग्रहण कराई, पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर तत्काल निस्तारण की मांग की, इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने किसानो की समस्याओं का जल्द ही समाधान किए जाने की अधिकारियों को चेतावनी दी है, वही राष्ट्रीय अध्यक्ष को कार्यकताओं ने बड़े फूलों का हार पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से देव गुर्जर, चौधरी युसूफ, इस्तखार, आसिफ अली, चौधरी जमशेद, महेश त्यागी, हरि सिंह प्रधान, निजाम प्रधान, सतपाल गुर्जर, राकेश चौहान, नेमपाल सिंह, महिपाल सिंह, राम अवतार, नेतराम सैनी, राजपाल सैनी, जॉनी, जयविन्दर,प्रीति देवी, भारत राम सिंह, मा राकेश चौहान, वीर सिंह चौहान, डॉ मुंसद, सीताराम सैनी, वीर सिंह सैनी,आदिल, केशव सैनी, युसूफ, मुत्तलिब सैनी, भजनलाल सैनी, मुकटलाल सैनी आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वाल्मीकि संत भी योगी के मुरीद



**महाकुम्भनगर, 5 फरवरी :** महाकुम्भ में सभी संप्रदायों की भागीदारी देखने को मिल रही है, जो सीएम योगी के एकता के महाकुम्भ को साकार कर रहा है। इसी क्रम में संतों ने वाल्मीकि समाज से जुड़े संत भी इस भव्य महाकुम्भ का श्रेय योगी सरकार को दे रहे हैं। खासतौर पर सीएम योगी के प्रयासों से प्रयागराज में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित किए जाने से समाज के संत खुद को सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने कहा है कि योगी हमारे गुरु भाई हैं। सर्व समाज के विकास के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। वाल्मीकि और रैदासी संत योगी के मुरीद हैं। उन्होंने योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का योगदान अतुलनीय है।

**विदेश में बज रहा सनातन का डंका**

अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महामंडलेश्वर बाल योगी स्वामी प्रगट नाथ महाराज (पंजाब) के सानिध्य में महाकुम्भ में विशेष यज्ञ और हवन कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें देश-विदेश से आए संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। स्वामी प्रगट नाथ महाराज ने बताया कि भगवान वाल्मीकि के प्रति श्रद्धा केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इटली, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी वाल्मीकि समाज की गहरी जड़ें हैं।

इन देशों में भगवान वाल्मीकि के मंदिर स्थापित किए गए हैं। जहां नियमित रूप से रामायण पाठ, भजन-सत्संग और लंगर का आयोजन होता है।

**विदेशों में रामायण और वाल्मीकि पर शोध**

स्वामी जी ने बताया कि इटली में पिछले 12 वर्षों से भगवान राम और वाल्मीकि रामायण पर गहन शोध कार्य चल रहा है। कई विदेशी विद्वान प्राचीन रामायण की पांडुलिपियों और भगवान राम के जीवन पर विस्तृत अध्ययन कर रहे हैं। विशेष रूप से इटली में रविदास समाज और वाल्मीकि समाज के लोग मिल-जुलकर भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए हुए हैं।

## पिता संग महाकुम्भ पहुंचीं साइना नेहवाल

**महाकुम्भ नगर, 05 फरवरी।** महा कुम्भ 2025 के पावन अवसर पर देश-विदेश से श्रद्धालु संगम में स्नान के लिए उमड़ रहे हैं। इसी क्रम में भारत की स्टार शटलर और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल भी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए बुधवार को महाकुम्भ पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है और वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें यहां आने का अवसर मिला।

**आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा अनुभव**

साइना ने कहा, "इस पवित्र आयोजन का हिस्सा बनकर विशेष अनुभव हो रहा है। मैं उत्तर प्रदेश सरकार को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देती हूं। उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आएंगे और इसे विश्वभर में प्रसिद्ध बनाएंगे।" साइना ने आगे बताया कि वह आज शाम अपने पिता के साथ त्रिवेणी संगम जा रही हैं और भविष्य में अपनी मां के साथ भी यहां आने की इच्छा रखती हैं। साइना ने कहा, "यह एक बहुत बड़ा उत्सव है। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यहां आने का अवसर मिला।" उन्होंने आगे कहा, "मैं खुश हूं कि सभी लोग एकजुट हुए और दिखाया कि हम कितने मजबूत हैं। मुझे गर्व है कि यह उत्सव हमारे देश में हो रहा है।"

**युवाओं को दिया संदेश**

साइना नेहवाल ने देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि आध्यात्मिक आयोजन हमें ऊर्जा और सकारात्मकता से भरते हैं। साइना नेहवाल ने देश के विकास के लिए प्रार्थना करते हुए कहा, "मैं प्रार्थना करती हूं कि हमारा राष्ट्र और अधिक प्रगति करे और उन्नति के नए आयाम छूए।" उल्लेखनीय है कि महा कुम्भ 2025 में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु संगम में स्नान और आध्यात्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

# 15 फरवरी तक मिलेगा एक मुस्त समाधान योजना का लाभः एसडीओ हसनपुर

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश द्वारा एक मुस्त समाधान योजना का उपभोक्ताओं को लाभ दिलाने के लिए समय सीमा सरकार द्वारा बढ़ा दी गई है अब 15 फरवरी तक एक मुस्त समाधान योजना में अपना रजिस्ट्रेशन करा कर रजिस्ट्रेशन के बाद एक महीने के अंदर छूट का लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा यह जानकारी विद्युत उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार यादव ने दी, वहीं विद्युत उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार यादव ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के लिए चलाई जा रही एक मुस्त समाधान योजना का अधिक से अधिक विद्युत उपभोक्ता लाभ उठाए तथा विद्युत बकाया को समय से जमा कर विद्युत विभाग का सहयोग करें एवं विद्युत सेवाओं को जारी रखें, वहीं उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तीन चरणों में विद्युत बिल बकाया को जमा करने के लिए सरकार द्वारा एक मुस्त समाधान योजना चलाई जा रही है जिसके दो चरण समाप्त हो चुके हैं तथा तीसरा चरण की समय सीमा बढ़ा दी गई है तृतीय चरण की समय सीमा 16 जनवरी से 30 जनवरी तक थी जिसको सरकार द्वारा अब 30 जनवरी के स्थान पर 15 फरवरी तक कर दिया गया है जिसका उपभोक्ताओं को भरपूर लाभ मिलेगा तथा सरकार को भी राजस्व की प्राप्ति होगी, वहीं उन्होंने एक बार फिर नगर की जनता से अपील है कि अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाएं और बकाया बिल जमा कर विद्युत विभाग का सहयोग करें तथा देश हित में बिजली बचाएं।

# भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की सिहाली जागीर में लगी चौपाल

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/सिहाली।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की एक किसान चौपाल सिहाली जहांगीर गांव में लगाई गई चौपाल में किसानो के द्वारा बताया गया कि गांव में सड़के टूटी पड़ी है, रास्ते में कीचड़ पसरा हुआ है, जिसके कारण किसान आए दिन बीमार हो रहे हैं और किसानों ने बताया कि बिजली कर्मचारीयो द्वारा आए दिन किसानों के अनाप-शनाप बिजली के बिल निकालकर किसानों को परेशान किया जा रहा है, वही इस मौके पर किसान चौपाल को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि अमरोहा जिले के किसानों को किसी भी कीमत पर परेशान नहीं होने दिया जाएगा और कहां की जिला प्रशासन छुट्टा गोवंश को पकड़कर गौशाला भिजवाए इस छुट्टा गोवंश ने किसानों की फसलों को 75% बर्बाद कर दिया है जिसकी भरपाई जिला प्रशासन को करानी चाहिए और कहा कि बिजली विभाग अमरोहा इन बिजली कर्मचारियों के द्वारा जो किसानों को उत्पीड़न हो रहा है उसे तुरंत रुकवाएं और गांव की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए, संयुक्त मोर्चा जिले के किसानों के साथ खड़ा है नरेश चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अभी तक गन्ने का भाव नहीं बढ़ाया है सरकार को तुरंत 500 रुपए रेट घोषित करके किसाने की मदद करनी चाहिए, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संयुक्त मोर्चे के द्वारा हर रोज गांव गांव जाकर चौपाल लगाकर किसानों को मजबूत करने का काम किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि देश भर के किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा यदि विद्युत कर्मचारी एवं अन्य संबंधित मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा, इस मौके पर मुख्य रूप से विजयवीर सिंह,अरुण सिद्धू, इकबाल सैफी, आजम खान, अमित चीमा,बबीता चौधरी, रीता चौधरी, मुजाहिद चौधरी, राहुल सिद्धू,जैन चौधरी, अमरपाल सिंह, पंचम सिंह, दिनेश शर्मा आदि किसान लोग मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ गंगेश्वरी इकाई का हुआ गठन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/गंगेश्वरी।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ ब्लाक कार्यकारिणी ब्लॉक इकाई गंगेश्वरी के गठन के लिए आयोजित पदवार ग्रहण समारोह भव्य तरीके से संपन्न हुआ। इस समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारी को मनोयन पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित करके किया गया। तथा नवनिर्वाचित पदाधिकारी को मनोयन पत्र प्रदान कर उन्हें पदभार ग्रहण कराया गया। कार्यकारिणी में ओमप्रकाश सिंह को संरक्षक ,हेमराज कोहली को ब्लॉक अध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विजय धामा ब्लॉक मंत्री,अजय नागर संयुक्त मंत्री,
मौ असलम संगठन मंत्री,
यशवीर सिंह कोषाध्यक्ष,
रीना गौड़ ब्लॉक प्रवक्ता,
अंकित चाहल मीडिया प्रभारी,
सुनील यादव उपाध्यक्ष,
सिंटू सिंह उपाध्यक्ष,
मोहित कुमार उपाध्यक्ष,
दयाल सिंह तोमर उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए,समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन ( शिक्षक प्रकोष्ठ) के जिलाध्यक्ष राकेश चाहल व महेश ठाकुर तहसील अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकेत ने कहा कि किसान और शिक्षक समाज के प्रमुख अभिन्न अंग है, शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं के निस्तारण के लिए शिक्षक संगठन का गठन हुआ है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि आज शिक्षक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहा है। वही उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारी से अपेक्षा कि वह अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए संगठन और समाज का गौरव बढ़ायेगे, तथा उन्होंने कहा कि शिक्षकों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार और जिला अध्यक्ष राकेश चाहल को ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज कोहली और ब्लॉक मंत्री विजय धामा ने शाल और मोमेंट को देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश ठाकुर और संचालन असलम द्वारा किया गया। इस मौके पर रोहित कसाना, अभिनव मलिक, अंकित मावी, सचिन मलिक, अरविंद नागर, संजीव कोहली, योगराज सिंह, सुधीर कुमार, योगराज सिंह, विजेंद्र सिंह धर्मेन्द्र यादव, ऋषभ, प्रवीन नागर, शहजाद, शिवम, अवनीश कुमार, बादल चौहान, लीलू, सुभाष सिंह, अश्वनी, बलवीर सिंह, शुरबीर सिंह भडाना आदि शिक्षक मौजूद रहे ।

# कल्चर कुम्भ में दिखी महाकुम्भ की भव्यता



**महाकुम्भ नगर, 05 फरवरी।** प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 के अवसर पर बुधवार को परमार्थ निकेतन की ओर से परमार्थ कैंप, सेक्टर 23, अरैल घाट पर दो दिवसीय कल्चर कुम्भ का आयोजन किया गया। बुधवार को कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सभी महानुभावों ने महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता की प्रशंसा की। सभी ने सफाई व्यवस्था और सुविधाओं को सराहा।

**इंफ्रास्ट्रक्चर में किया गया निवेश**

नगर विकास, प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि दो साल पहले से ही हमने महाकुम्भ की तैयारी शुरू कर दी थी। लगभग 40 करोड़ लोगों के महाकुम्भ में शामिल होने की सम्भावना थी, अब तक 38 करोड़ लोग महाकुम्भ में आ चुके हैं। प्रतिदिन करीब सवा करोड़ लोग महाकुम्भ में स्नान कर रहे हैं। हर स्तर पर हम लोगों को महाकुम्भ का सुखद अनुभव प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रमुख सचिव ने कहा कि पिछले कुम्भ में सरकार ने 23 सौ 15 करोड़ रुपए कुम्भ के आयोजन में खर्च किए थे। इस महाकुम्भ में सात हजार करोड़ केंद्र सरकार ने और सात हजार 400 करोड़ उत्तर प्रदेश सरकार ने खर्च किए हैं। कुल 14 हजार 400 करोड़ का इंवेस्टमेंट सरकार ने किया है। इस इन्वेस्टमेंट में 75 प्रतिशत खर्च इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया गया है, जो कि न सिर्फ महाकुम्भ में बल्कि आगे आने वाले समय में भी लोगों को सुविधाएं प्रदान करेगा। 500 सड़कें बनाई हैं, नए रेलवे स्टेशन बनाएं। कुम्भ में हमने 65 हजार टॉयलेट्स बनवाए थे। इस बार 1 लाख टॉयलेट्स बनाए गए हैं। 15 हजार सफाईकर्मी पूरे मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था देख रहे हैं। ये सभी सफाई कर्मी दिन रात 24 घंटे मेला क्षेत्र की सफाई में जुटे हुए हैं। इस दौरान स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, साध्वी भगवती सरस्वती जी, ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपदनायक, पूर्व भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, शान्तनु गुप्ता, पुष्कर शर्मा और शेफाली वैद्य मौजूद रहे।

# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश





**लखनऊ : 05 फरवरी, 2025** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने महाकुंभ की शुरूआत से ही कहा है कि इस बार का महाकुंभ विकसित भारत की शुरूआती झलक प्रस्तुत कर रहा है। महाकुम्भ भारत की प्राचीन परंपरा है और हजारों बार आयोजित हो चुका है। हालांकि, इस बार यह आधुनिक भारत में हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस महाकुंभ के आयोजन में उसी भावना से कार्य किया जा रहा है और इसका उद्देश्य भारत की शक्ति को पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत करना है। नगर विकास विभाग महाकुंभ में नोडल विभाग होने और नगर विकास मंत्री होने से हमारी जिम्मेदारी भी बड़ी थी, जिसे मैं स्वयं और अपनी टीम के अथक प्रयासों से इस मिशन में सफल होते दिख रहे है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि अमेरिका से आई एक एनआरआई महिला ने महाकुंभ में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जमकर प्रशंसा की। जब उन्हें बताया गया कि महाकुंभ क्षेत्र की वर्तमान जनसंख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या से अधिक है, तो वे आश्चर्यचकित रह गईं। इसी तरह, मूलरूप से बंगाल के लेकिन अब युगांडा में बसे एक व्यक्ति ने कहा कि महाकुंभ की सुविधाएं शानदार हैं। बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और अन्य कई स्थानों से आए श्रद्धालुओ से यह कहते हुए सुने गए कि महाकुंभ की सुविधाएं कई विकसित और व्यवस्थित शहरों से बेहतर हैं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संपूर्ण विश्व से आए श्रद्धालुओ ने विशेष रूप से महाकुंभ में मिले आध्यात्मिक एवं भौतिक अनुभवों की प्रशंसा कर रहे हैं। महाकुम्भ की स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था ने उन्हें सबसे अधिक प्रभावित किया। मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि इस बार महाकुंभ के अलौकिक बनने का कारण यह रहा कि इस बार तैयारियां अत्यधिक सुनियोजित तरीके से की गई हैं। कार्यान्वयन में कोई कमी नहीं छोड़ी गई, सुविधाओं के रखरखाव में खासतौर से स्वच्छता और सफाई की लगातार निगरानी के साथ कार्यों पर नजर रखी जा रही है। नगर विकास मंत्री ने महाकुंभ के व्यवस्थापन की विशालता और उन्नयन को दशार्ने के लिए कुछ ठोस उदाहरण भी दिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत कुछ भी कर सकता है, कुछ भी संरचना बना सकता है और कुछ भी प्रतिपूर्ति करा सकता है।
जैसे कि --

1. 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैले महाकुंभ क्षेत्र के हर कोने में पानी पहुंचाने के लिए युद्धस्तर पर 1200 किलोमीटर की पेयजल पाइपलाइन बिछाई गई है।
2. 70,000 से अधिक पेयजल नल कनेक्शन तंबुओं, कार्यालयों, दुकानों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर दिए गए।
3. 24 घंटे शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए 250 वाटर एटीएम लगाए गए।
4. श्रद्धालुओं के लिए 1.5 लाख शौचालय बनाए गए हैं और उनकी नियमित सफाई की जा रही है।
5. महाकुंभ की स्वच्छता और सफाई बनी रहे इसके लिए 20,000 से अधिक सफाईकर्मी, हजारों मशीनें और उतनी ही संख्या में पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इसी के बदौलत महाकुंभ को अत्यधिक सराहा जा रहा है।
6. कुम्भ मेला क्षेत्र में 1.25 लाख से अधिक तंबू लगाए गए, जहां पर पारिवारिक व्यक्तियों, धार्मिक संगठनों, सरकारी संस्थानों और सामाजिक संगठनों को ठहराया गया है।
7. इन टेंट में बिजली की सुविधा के लिए 05 लाख से अधिक बिजली कनेक्शन दिए गए।
8. 75,000 एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं।
9. आगंतुकों और श्रद्धालुओं की यात्रा सुविधाजनक बनाने के लिए मेला क्षेत्र में हजारों किलोमीटर की अस्थायी सड़कें बनाई गई।
10.नदियों पर पांटून पुल नमक 30 अस्थायी पुल बनाए गए, जिससे कि लोग नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे पर आसानी से जा सकें और अपनी सुविधानुसार घाटों पर स्नान कर सके।
11. कई नए स्नान घाट बनाए गए है।
12. आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नया रिवरफ्रंट बनाया गया।
13. प्रयागराज के अधिकांश पौराणिक स्थल, जो धार्मिक दृष्टि से अत्यंत ही महत्वपूर्ण है, को विश्व स्तरीय सुविधाओं से विकसित किया गया। इनमें भारद्वाज आश्रम, लेटे हनुमान जी मंदिर, बेनी माधव मंदिर, नागवासुकी मंदिर, निशादराज स्थल, अक्षयवट वृक्ष कॉरिडोर और अन्य कई स्थान शामिल हैं।
14. महाकुंभ के संचालन, प्रबंधन और सेवाओं की दक्षता और ऊर्जा को बढ़ाने के लिए नवीनतम वैज्ञानिक और तकनीकी उपकरणों व प्रणाली का उपयोग किया गया है, जिससे अथॉरिटी को सुविधाओं और सेवाओं सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों को प्रभावी तरीके से व्यवस्थित करने में मदद मिली।
15. इनमें 2700 एआई कैमरे, 52,000 जियो-टैग किए गए विद्युत पोल और दो तीन समर्पित कमांड एवं कंट्रोल सेंटर शामिल है।
16. इसी प्रकार अग्निशमन और मानव सुरक्षा उपायों के लिए आधुनिक उपकरणों के साथ फेस रिकग्निशन सिस्टम को लगाया किया गया है।
17. कुम्भ मेला क्षेत्र में हर 20 मीटर पर आपको कूड़ेदान मिलेंगे। सफाई करने, सड़कों को साफ करने और पानी छिड़कने के लिए नवीनतम मशीनें लगाई गई है। नदी की सफाई करने के लिए भी आधुनिक मशीनें लगाई गई है।
18. सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में मौजूद सबसे पुराने पुलों के सौंदर्यीकरण के लिए आधुनिक प्रकाश उपकरण लगाए गए हैं।
20. इसके अलावा महाकुंभ मेला क्षेत्र में प्रकाश और ध्वनि प्रबंधन के लिए अत्याधुनिक गैजेट्स का भी अनुभव किया जा सकता है।

सम्पर्क सूत्र- सी0एल0 सिंह

## हसनपुर में खुला मानसी हॉस्पिटल, विधायक ने किया शुभारंभ



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को हसनपुर नगर के अमरोहा अड्डे के निकट हसनपुर गैस एजेंसी के सामने मानसी हॉस्पिटल का विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया, बताते चले कि नगर में लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए जनता की सेवा के लिए इस मानसी हॉस्पिटल की शुरूआत की गई है, इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने कहा कि नगर में लोगों को इलाज करने के लिए दूर दराज जाना पड़ता था अब हसनपुर नगर के इस अस्पताल में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी, इस उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल, देवेंद्र खड़कवंशी, यशपाल प्रधान, संजय शर्मा, अंकुर अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, रईस पहलवान, डॉक्टर विनोद कुमार शर्मा, डॉ प्रदीप चौधरी, महावीर सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख, डॉ असलम मलिक, डॉक्टर प्रतीक पाराशर, डॉक्टर प्रियंका पाराशर, डॉक्टर चिरंजीवी सोबती आदि सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# करंट लगने से युवक की मौत

■ कोंच

काम कर रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आजाद नगर में अब्दुल सलाम पुत्र नूर खान का मकान बन रहा है। मकान में छपाई का ठेका 27 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र राजकुमार राठौर निवासी गोखले नगर लिए हुए था। मंगलवार की दोपहर सुरेंद्र अपने साथी संदीप पुत्र दिनेश निवासी आजाद नगर के साथ घर में छपाई का काम कर रहा था। उस कमरे में रोशनी के लिए बिजली लाइन डालकर प्रकाश की व्यवस्था की गयी थी। काम खत्म हो जाने के बाद सुरेंद्र बिजली लाइन हांथ से पकड़ कर हटा रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया और



गंभीर रूप से झुलस कर अचेत हो गया। आनन फानन में उसे एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।बताया गया मृतक अविवाहित था। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## घर में आग लगने से गृहस्थी हुई खाक

■ कोंच



तहसील क्षेत्र के ग्राम कन्हरी में घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया नदीगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हरी में उमाकांत पुत्र विद्या प्रसाद के घर के लोग मंगलवार की सुबह खेत पर गए हुए थे और उमाकांत की पत्नी अकेली घर पर थी। सुबह करीब 8 बजे अचानक बिजली शॉर्ट सर्किट से छप्पर में आग लग गयी। आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग बुझाई। आग से घर में रखा 3 कुंतल गेंहू, कपड़े, घर गृहस्थी का सामान, 25 हजार रुपये के नोट जलकर खाक हो गए।

# युवक के साथ मारपीट, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

■ कोंच

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मालवीय नगर निवासी फैजान पुत्र गफ्फार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 3 फरवरी की रात वह अपनी दुकान के पास ही अपने जन्मदिन की पार्टी कर रहा था। तभी तिलक नगर निवासी 3 युवक अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मौके पर आए और शराब पीने के लिए उससे पैसे मांगने लगे। उसने रुपये देने से मना कर दिया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर सड़क पर पटक दिया जिससे उसके सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आ गयीं। मारपीट के दौरान युवकों ने उसकी जेब में से 3 हजार रुपये छीन लिए और घटना की पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। घटना को लेकर पीड़ित फैजान ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस द्वारा फैजान को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा गया है। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर उसका शांति भंग में चालान कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### निजी नलकूप को 24 घंटे में छह से सात घंटे की जा रही बिजली की आपूर्ति, किसान परेशान

**जालौन-उरई।** निजी नलकूप को 24 घंटे में बमुश्किल छह से सात घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है। पीड़ित किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बिजली व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम गुलाबपुरा निवासी हिम्मतराम, रामू गुर्जर, चंद्रभान सिंह, संतोष कुमार, सूरज सिंह, भारत सिंह, दिलीप कुमार आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनका निजी नलकूप गाटा संख्या 71/2 में लगा है। यह नलकूप चालू हालत में है और नलकूप को बिजली कनेक्शन दिया गया है। इस समय फसल को सिंचाई की आवश्यकता है। लेकिन खकसीस बिजलीघर के अमखे?ा फीडर से जुड़े इस नलकूप को 24 घंटे में बमुश्किल छह से सात घंटे ही बिजली दी जा रही है। बिजली न आने से नलकूप भी नहीं चल पा रहा है और सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पीड़ित किसानों ने यदि नलकूप को पर्याप्त बिजली न मिली तो फसल खराब होने की आशंका है। पी?ित किसानों ने एसडीएम से नलकूप को पर्याप्त बिजली दिलाने की मांग की है।

### ट्रैक्टर से खेत पर जा रहे किसान की बाइक सवार युवकों ने की पिटाई, 2200 रुपये छीने

**जालौन-उरई।** ट्रैक्टर से खेत पर जा रहे किसान को साइड लेने के नाम पर आधा दर्जन बाइक सवार युवक ने उसे रास्ते में रोक लिया। रोककर युवकों ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित ने जेब में पड़े 2200 रुपये छीनने का भी आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। छिरिया मलकपुरा चौकी क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी नरेश कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह ट्रैक्टर से सिंचाई करने के लिए पाइप लेकर जा रहे थे। जब वह मलकपुरा मार्ग पर पहुंचे तो बाइक सवार युवकों ने साइड मांगने के लिए हार्न बजाया। जब उसने साइड देने के ट्रैक्टर साइड में लगाया तो बाइक सवार युवकों ने तमंचा दिखाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर न सिर्फ मारपीट की बल्कि जेब में रखे 2200 रुपये भी छीन लिए। मारपीट के बाद वह बाइक पर सवार होकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हार-जीत की बाजी लगा रहे 5 जुआरी गिरफ्तार, 7900 रूपए बरामद

**जालौन-उरई।** कोतवाली पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे 5 लोगों को पकड़ लिया है। पकड़े गये आरोपितों के पास 7900 रूपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में हार-जीत का खेल लगातार चल रहा है। पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी इस पर रोक नहीं लग पा रही है। मुकबिर की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र अपने हमराहियों खुर्शीद आलम, जयचंद, शुभम सिसोदिया की टीम ने नगर के मोहल्ला घुआताल में रज्जन सक्सेना के खाली पड़े प्लाट कुछ लोग एकत्रित होकर हार जीत की बाजी लगा रहे थे। पुलिस ने छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे उमाशंकर कोष्ठा, याशीन परवेज उर्फ सानू, विनीत कुमार, लोकेन्द्र कुशवाहा निवासीगण घुवाताल व उमर वर्मा निवासी बालमभट्ट को पकड़ लिया है । पकड़े गये आरोपितों के पास फड़ पर 6750 रूपए व जामातलाशी में 1150 रूपए, मोबाइल, ताश की गड्डी बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### श्रीराम चरित मानस का अखंड पाठ का आयोजन शुरू

**जालौन-उरई।** गुप्त नवरात्रि के छटवे दिन षष्ठी को ग्राम अकोड़ी दुबे में स्थित हनुमानजी के मंदिर में श्रीराम चरित मानस का अखंड पाठ का आयोजन शुरू किया गया तथा सातवें दिन बुधवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक समिति के सदस्य राम कुमार बाथम ने बताया कि ग्राम अकोड़ी दुबे में स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में ग्रामवासियों के सहयोग से गुप्त नवरात्रि के छटवे दिन मंगलवार श्रीराम चरित मानस का अखंड पाठ शुरू करा दिया गया। पाठ के समापन के बाद 5 फरवरी दिन बुधवार को देश में अमन चौन व सुख समृद्धि के लिए हवन किया जायेगा। हवन के उपरांत गांव के साथ आसपास के गांवों के लोगों के विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### एसपी ने कोतवाली कालपी का वार्षिक निरीक्षण किया

**उरई।** पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार द्वारा कोतवाली कालपी का वार्षिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान थाना परिसर, थाना कार्यालय ,सी सी टी एन एस कार्यालय कार्यालय,आई जी अर एस ,महिला हेल्प डेस्क आदि को चेक किया गया तथा थाना के अभिलेखों की प्रविष्टियों को जांच कर सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# माइक्रोप्लान के अनुसार समस्त गतिविधियां शत-प्रतिशत कराये सम्पन्नः जिलाधिकारी

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एम0डी0ए0 अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डा0 एन0डी0 शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकरी के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत एम0डी0ए0 फरवरी 2025 अभियान के बारे में समस्त संहयोगी विभागों के उत्तरदायित्वों एवं अब तक की गयी तैयारियों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उपरोक्त कार्यक्रम जनपद जालौन के केवल डकोर ब्लाक में ही




चलाया जायेगा। तत्पश्चात चन्द्रशेखर, जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा एम0डी0ए0 कार्यक्रम के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी दी गयी जनपद के ब्लाक डकोर की कुल जनसंख्या 162764 है। एम0डी0ए0 अभियान दिनांक 10 फरवरी 2025-से 25 फरवरी 2025 तक ब्लाक डकोर में चलाया जायेगा। दिनांक 10 फरवरी को जनप्रतिनिध के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डकोर से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। अभियान के दौरान डी0ई0सी0 व एल्बेन्डाजोल दवा खिलाने हेतु 130 टीमें गठित की गयीं हैं। जिसमें 260 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर लगाये गये है। जिसमे आशा, ऑगनवाड़ी कार्यकत्री, एवं स्वंय सेवी कार्यकर्ता कार्य करेंगें। निगरानी के लिये 26 सुपरवाइजरों को तैनात किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डकोर को प्रचार-प्रसार हेतु आई0ई0सी0 सामग्री उपलब्ध करा दी गयी है। राज्य मुख्यालय से जनपद को दवा प्राप्त हो गयी है। कार्यक्रम के दौरान दवा खिलाये जाने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डकोर को 168000 एलबेडाजोल की गोलियां तथा 412500 डी0ई0सी0 की गोलियां उपलब्ध करायी गयी है। यह दवा गर्भवती महिलाओं एवं गम्भीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को एवं 01 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नहीं खिलाई जायेगी।

जिलाधिकारी ने समस्त सहयोगी विभागों को शासनादेश में दिये गये कार्य निर्धारण / उत्तरदायित्वों को टाइम लाइन में निर्धारित समय सीमा के अनुसार पूर्ण कराने एवं माइकोप्लान के अनुसार समस्त गतिविधियां शत-प्रतिशत सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनसामान्य में अधिकतम प्रभाव के लिये फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के सामने ही दवा खिलाई जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामों में ग्राम प्रधान दवा का स्वयं सेवन कर अभियान का शुभारम्भ करें तथा गांव में डुगडुगी पिटवाकर जनमानस को दवा खाने हेतु प्रेरित किया जाये। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों को प्रार्थना स्थल पर दवा का सेवन करने तथा फाइलेरिया रोग से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी जाये। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि सम्बन्धित समस्त कोटेदार राशन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को दवा सेवन करने हेतु प्रेरित करें।

बैठक में राम अयोध्या प्रसद डी0पी0आर0ओ0, अखिलेश तिवारी जिला परियोजना निदेशक, शरद अवस्थी जिला कार्यक्रम अधिकारी, राजीव शुक्ला जिला पूर्ति अधिकारी डा0अरविन्द भूषण, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0ए0पी0वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 देवेन्द्र कुमार मिटौरिया, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा अभिनव कुशवाहा पाथ संस्था एवं समस्त मलेरिया निरीक्षक / फाइलेरिया निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## अब तीसरी नजर से अपराधी बच नही पाएंगे

## हाईटेक हुए नगर के सीसीटीवी कैमरे

■ कोंच



अब अपराधी घटना करने के बाद निकल कर भाग नही सकते नगर में लगे सीसीटीवी कैमरो को और अधिक हाईटेक कर दिया गया है।किसी भी आपराधिक घटनाओं पर नजर रखने के लिए पुलिस विभाग ने मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। पुलिस को इन कैमरों में फुटेज देखने के लिए उस स्थान पर जाना पड़ता था और इसी समय का लाभ लेकर अपराधियों को भागने का मौका भी मिल जाता था। अब पुलिस ने इस व्यवस्था में सुधार करते हुए कैमरों को कोतवाली से अटैच कर दिया है। इसके साथ साथ ये कैमरे प्रभारी निरीक्षक के मोबाइल से भी जुड़ गए हैं जिससे 24 घंटे यह तीसरी आंखें कोतवाल की नजर में बनी रहेंगी और अपराध नियंत्रण में अपनी अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने नगर के मार्कंडेयश्वर तिराहे व पंचानन चौराहे पर लगे पुलिस के इन हाइटेक सीसीटीवी कैमरों को देखा।

# नवकुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ में दूसरे दिन यज्ञाचार्य आहुतियां दिलायी, भक्ति मय हुआ माहौल

■ जालौन-उरई

श्रीवीर हनुमानजी बाला जी मंदिर देवनगर चौराहे पर आयोजित नवकुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ में दूसरे दिन यज्ञाचार्य आहुतियां दिलायी। मंदिर परिसर में चल रहे यज्ञ के दौरान सुबह मंत्रोच्चार व अपरान्ह श्रीमद्भागवत कथा के चलते आसपास का माहौल भक्तिमय हो गया। भक्तों ने ठंड के बाबजूद यज्ञ स्थल पहुंच कर परिक्रमा की।

उरई मार्ग स्थिति विश्नोई पैट्रोल पम्प के हनुमान जी मंदिर में सोमवार को शोभायात्रा के साथ हुए साप्ताहिक धार्मिक आयोजन की शुरुआत हो गयी। धार्मिक आयोजन की शुरुआत सुबह यज्ञ से हुई। यज्ञाचार्य पं. रामबाबू त्रिपाठी ने प्रधान यजमान किशोरी देवी व प्रेमबाबू शर्मा समेत ने जोड़ो ने 9 कुंड पर बैठे भक्तों से विधि विधान से यज्ञ में आहुतियां दिलायी तथा घर में सुख समृद्धि के देश में सुख शांति के लिए आहुतियां दिलायी। दोपहर में आरती के साथ यज्ञ की परिक्रमा की गयी। दोपहर में श्रीराम संकीर्तन के माध्यम से पंडाल व मंदिर के आसपास के माहौल को भक्ति मय कर दिया। भक्तिमय माहौल को आगे बड़ाने का काम भगवताचार्य संत पं. हर प्रसाद अरजारिया ने किया जिन्होंने धुंधुकारी के चरित्र के माध्यम से शिक्षा दी कि शिक्षा के साथ सभी को संस्कार की आवश्यकता होती है। संस्कारों के वगैर शिक्षा अधूरी है। इनके वगैर जीवन सफल नहीं हो सकता। मंदिर परिसर चल धार्मिक आयोजन की कड़ी में रात के समय धार्मिक व मनोरंजन से परिपूर्ण रामलीला मंडल द्वारा रामलीला का मंचन किया गया।इसके साथ मंदिर के बाहर दीपक जलाकर श्रीराम लिखा गया। इस मौके पर मंदिर के पुजारी कमलेश महाराज, राजकुमार विश्नोई, आलोक शर्मा, अनुरूद्ध विश्नोई, राजा विश्नोई, देवेन्द्र कुमार अकोड़ी दुबे, जय पचौरी, लवकुश, छोटू, अंशुल गुर्जर, आशीष, विनय, प्रियांश अंशुल पटेल, भगवानदास गुप्ता नैनपुरा, अंजनी श्रीवास्तव मकरंदपुरा, संजीव पचौरी, आकाश गुप्ता, जितेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

## विश्व कैंसर दिवस पर सीएचसी में कैंसर के प्रति लोगों को किया जागरूक

■ जालौन-उरई

विश्व कैंसर दिवस पर सीएचसी में कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। उन्हें धूम्रपान और तंबाकू के सेवन से दूर रहने की सलाह दी गई। इस दौरान 79 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण में तीन मरीजों को उच्च संस्थान में परीक्षण कराने की सलाह दी गई।

विश्व कैंसर दिवस पर सीएचसी में आने वाले मरीजों को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कि कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों में मुख के खुलने में परेशानी, जीभ निकालने में कठिनाई, मुख व गले या जबड़े में छाला या गांठ, जहां ज्यादातर तंबाकू सेवन की जाती है। लगातार अपच या निगलने में कठिनाई, आवाज में परिवर्तन, मस्सा तिल में कोई परिवर्तन, स्तन पर कोई



गांठ का बड़ना, असामान्य रक्त स्त्राव, कैंसर के प्रारंभिक और प्रमुख लक्षण है। डॉ. राजीव दुबे ने बताया कि कैंसर के छह स्टेज में प्रारंभिक तीन स्टेज तक कैंसर बीमारी के इलाज में सफलता हासिल की जा सकती है। कैंसर से बचाव के लिए धूम्रपान, तंबाकू, शराब एवं सुपारी का सेवन ना करें। शारीरिक वजन का नियंत्रण रखना चाहिए, पोषित आहार ले और तेज धूप से बचें तथा सामान्य से अलग लक्षण दिखे तो प्रारंभिक अवस्था में जांच कराने से कैंसर से बचा जा सकता है। कहा कि हमें समाज से कैंसर जैसी भयावह बीमारी को खत्म करना है तो इसके लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना जरूरी है। स्वयं नशा पान, मध्यपान से दूर रहकर परिवार और अपने आसपास के लोगों को नशाखोरी से बचाकर कैंसर से भी बचा जा सकता है। इस दौरान 79 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिनमें तीन संदिग्ध मरीजों को उच्च संस्थान में परीक्षण कराने की सलाह दी गई।

### एलयूसीसी चिटफंड कंपनी पर लोगों ने फिर रुपये लेकर भागने का आरोप लगाया

**जालौन-उरई।** निवेश पर रकम दोगुना करने का लालच देने वाली एलयूसीसी चिटफंड कंपनी पर लोगों ने फिर रुपये लेकर भागने का आरोप लगाया है। स्थानीय कार्यालय में ताला लटकने के कारण निवेशक महीनों से परेशान हैं। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कंपनी में जमा धन वापस दिलाने की मांग की है। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के पदाधिकारियों में संगठन के तहसील अध्यक्ष ब्रजकिशोर, अशोक, लज्जाराम, हरदयाल शाक्यवार, राजेश कुमार सिंह, रामबरन, संतोष कुमार, प्रभात कुमार, अभिषेक सोनी, पुनीत, गिरीन्द्र, अरविन्द, विवेक, मोहित, गौरव, प्रमोद, योगेशचंद्र आदि ने एसडीएम को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि कि एलयूसीसी कंपनी में उन्होंने अपनी रकम जमा की थी। लेकिन अब कंपनी के स्थानीय कार्यालय में महीनों से ताला लटका हुआ है। जिसके चलते निवेशक परेशान हैं और एजेंटों के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने जमाकर्ताओं के हित में पीड़ितों को उनकी निवेश की गई रकम को वापस दिलाने की मांग की है।

# भाजपा द्वारा हमारा संविधान हमारा गौरव निबंध प्रतियोगिता की छात्राओं को किया पुरस्कृत

■ कोंच

भारतीय जनता पार्टी नगर ईकाई द्वारा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज गल्ला मंडी में हमारा संविधान हमारा गौरव निबंध प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं सहित प्रधानाचार्या आभा तिवारी को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जूनियर स्तर पर शिवांगी अग्रवाल ने प्रथम, राधिका अग्रवाल ने द्वितीय, परिधि पटेल ने तृतीय एवं नव्या पटेल और निशी कुशवाहा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।




सीनियर स्तर पर गायत्री वर्मा ने प्रथम, अनामिका चौधरी ने द्वितीय, स्नेहा कुशवाहा ने तृतीय और निशा व अनुष्का पटेल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगर महामंत्री आशुतोष मिश्रा, मनीष नगरिया, धर्मेंद्र राठौर, राघवेन्द्र निरंजन, प्रदीप वर्मा, बृजेंद्र कुशवाहा, बाबूराम पाल, दीपक मिश्रा, सौरभ पुरवार, शरद जाटव आदि उपस्थित रहे।

# किशोर को नशीला पदार्थ खिलाकार तीन युवकों ने उसकी अश्लील वीडियो बनाई

■ जालौन-उरई

किशोर को नशीला पदार्थ खिलाकार तीन युवकों ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली और उसे ब्लेकमेल कर रहे हैं। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पिता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा उरई में प?ता है। उरई निवासी अकिाशा, मंगल व आशीष ने बीती 15 जनवरी को उनके बेटे को किसी तरल पदार्थ में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद बेहोशी की हालत में उसकी आपत्तिजनक वीडियो बना ली। अश्लील वीडियो बनाने के बाद वह उनके बेटे को ब्लैकमेल करने लगे। पहले तो बेटे ने उन्हें नहीं बताया जब वह उसे बार बार ब्लेकमेल करने लगे तब बेटे ने उन्हें यह बात बताई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस बाबत कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो उचित होगा, कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम के निरीक्षण में सीएमओ मिले गैरहाजिर, फंसे लेट लतीफी के चक्कर में

■ कानपुर

मंगलवार को ठीक दस बजे डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह रामादेवी स्थिति सीएमओ कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। अनुमान के मुताबिक उन्हें, शासन द्वारा निर्धारित कार्यालय में उपस्थित दस बजे , के समय कार्यालय के प्रमुख सहित निरीक्षण मे 101 कर्मचारियों मे से 34 लोग गैरहाजिर मिले, इसी के साथ सीएमओ अपने कार्यालय में खुद भी मौजूद नहीं थे। इसके बाद 10-20 तक सीएमओ की गैर हाजिरी ने डीएम को वहां के आठ ड्यूटी डाक्टर सहित सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन के वेतन कटौती के निर्देश के समय समय पर दुबारा निरीक्षण की बात मीडिया से प्रेस वार्ता में कही।, डीएम ने स्वयं सीएमओ के द्वारा समय से कार्यालय में अनुपस्थित



पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को विभागों में समय से पहुंचने के स्पष्ट निर्देश है जिसका औचक निरीक्षण में अनुपालन नहीं हो रहा है। आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

यहां यह उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी के निरीक्षण दौरान डिप्टी सीएमओ ए एस यादव, डिप्टी सीएमओ यूं बी सिंह,एसीएमओ डा आर एन सिंह, कार्यालय में मौजूद थे।



भारत की एकता, आस्था और समरसता के जीवंत प्रतीक 'महाकुम्भ 2025, प्रयागराज' में आज 74.70 लाख से अधिक और अब तक 38.29 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त किया है।

# भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर लोगों ने लगाई अचला सप्तमी की डुबकी

एजेंसी, महाकुंभ नगर

अचला सप्तमी पर मंगलवार को लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर पवित्र संगम में डुबकी लगाई। साधु-संतों के शिविर में हवन-पूजन हुआ। विभिन्न स्थानों पर भंडारे के साथ संतों ने कुंभनगरी से विदाई ली। उधर, सुख-समृद्धि की कामना के साथ कल्पवासियों ने भी अपने-अपने शिविरों में भंडारे किए। दंडी स्वामियों को दक्षिणा अर्पित करके आशीष लिया। तड़के से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। संगम नोज समेत सभी स्नान घाट स्नानार्थियों से भरे रहे। देर-शाम तक स्नानार्थी जत्थों में आकर डुबकी लगाते दिखे। महिलाओं ने संतान की रक्षा के लिए व्रत रखा। समूहों में आईं ग्रामीण अंचलों से महिलाएं ने मां गंगा के गीत गाते हुए डुबकी लगाई। अभीष्ट कामना को लेकर मां गंगा को पियरी भी चढ़ाई। भगवान सूर्य की विधि-विधान से उपासना हुई। श्रद्धालुओं ने दुग्धाभिषेक किया। दंडी नगर एवं खाक चौक में विविध आयोजन हुए। अनुष्ठानों की पूर्णाहुतियां हुईं। संत शिविरों में षोडशोपचार के साथ सूर्यदेव का पूजन हुआ। कई जगह विशाल भंडारे हुए। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भी यहां पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के बाद संतों की टोलियां विदा होने लगीं। दंडी नगर में अन्न के साथ वस्त्र दान हुआ।

## संन्यासियों की रवानगी काशी के लिए होगी

सात फरवरी को नए अष्टकौशल की उपस्थिति में परंपरागत कढ़ी-पकौड़ी का कार्यक्रम होगा। इसके साथ ही नवनिर्वाचित अष्टकौशल महंत छावनी की धर्म ध्वजा की तनियां सांकेतिक रूप से ढीली करके अखाड़ों के आगे प्रस्थान करने का संकेत देंगे। उसके बाद संन्यासियों की रवानगी काशी के लिए होगी। निरंजनी और महानिर्वाणी अखाड़े अपने देव भाल प्रयागराज स्थित मुख्यालय में स्थापित करेंगे और ईष्ट देव के साथ होली तक काशी में प्रवास करेंगे। महाशिवरात्रि स्नान के बाद बाबा विश्वनाथ के साथ होली खेलने के बाद संन्यासियों का कुंभ प्रवास पूर्ण माना जाएगा। होली के बाद ही सभी संन्यासी अपने-अपने स्थानों को लौटेंगे।



## 52 मढ़ियों का प्रतिनिधित्व

रमता पंच व श्री महंत चार वेदों के ज्ञाता होते हैं। आनंदवार व भूरवार संप्रदाय को मिलाकर बने आनंद अखाड़ा में दोनों के दो-दो श्री महंत होते हैं। इतने ही रमता पंच होते हैं। इनका चुनाव छह वर्ष में होता है। अखाड़े में 52 मढ़ियों के संत हैं। श्री निरंजनी अखाड़ा के साथ इनका शिविर लगता है। बोलचाल में यह निरंजनी अखाड़ा का छोटा भाई कहा जाता है। आनंद अखाड़े के वर्तमान आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि हैं।



## महाकुंभ सिर्फ समुद्र मंथन का परिणाम नहीं, यह मानवता का सबसे बड़ा महोत्सव : स्वामी चिदानंद

विपरीत विचारों, मतों, पंथों को एक तट पर मिलाने की असीम ताकत रखने वाले संगम तट पर विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में महाकुंभ की शोभा का वर्णन हर कोई अपने-अपने भावों में कर रहा है। परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष चिदानंद मुनि देश-दुनिया से आए अपने अनुयायियों, सितारों, संतों, कथा मर्मज्ञों के समागम को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वह समुद्र मंथन के परिणाम के रूप में सामने आए कुंभ के जरिये अभिसिंचित और पोषित होती विश्व संस्कृति के विविध पक्षों को किस रूप में देखते हैं। प्रस्तुत हैं उनसे बातचीत के अंश...। महाकुंभ सनातन का गौरव है। मानवता का सबसे बड़ा महोत्सव है। समुद्र मंथन का परिणाम है। मंथन के बाद जो भी निकलता है, वही अमृततुल्य होता है। 144 वर्षों के बाद जो योग बना है, वह दुर्लभ है। सौभाग्यशाली है हमारी पीढ़ी, जो इस महाकुंभ की प्रत्यक्षदर्शी बनी है। महाकुंभः स्वागतं यत्र धर्मः संस्कृतिः च जीवनस्य स्रोतः प्रवाहते। धर्म और संस्कृति के माध्यम से जीवन के वास्तविक स्रोत का प्रवाह महाकुंभ में देखा जा सकता है। महाकुंभ एक कालजयी महोत्सव है, जो न केवल व्यक्तियों की आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि पूरी सृष्टि को एक नई दिशा प्रदान करता है। महाकुंभ का मतलब एक डुबकी और एक आचमन नहीं है, बल्कि कुंभ तो आत्ममंथन की डुबकी का नाम है। समुद्र मंथन से स्वयं के मंथन की यात्रा है। संगम में स्नान करने से तात्पर्य शरीर के भीगने से नहीं बल्कि बात तो भीतर से भीगने की है। हम अक्सर भीतर से भागते रहते हैं। हम अपने जीवन में जो भी अगर-मगर की संस्कृतियों का संस्कार है, उसे संगम की डुबकी में ही डुबो दें। कुंभ संयम की यात्रा है और संयम ही संगम है।



# मोदी ने धागे भी खोले, अनदेखा भी किया

संसद में बोले गए झूठों के कारण राहुल गांधी की सोशल मीडिया में ही बहुत धुनाई हो गई थी। तो मोदी को कुछ बोलने की जरूरत ही क्या थी।

इंडिया गेट से



अजय सेतिया की कलम से

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस में राहुल मोदी ने जम कर झूठ बोले थे। मोदी के जवाब की सबसे बड़ी बात यह रही कि उन्होंने राहुल गांधी के भाषण को पूरी तरह अनदेखा ही कर दिया। अब राहुल गांधी का इको सिस्टम रोयेगा, चिलाएगा कि मोदी राहुल गांधी के किसी सवाल का जवाब ही नहीं दे सके। वैसे संसद में बोले गए झूठों के कारण राहुल गांधी की सोशल मीडिया में ही बहुत धुनाई हो गई थी। तो मोदी को कुछ बोलने की जरूरत ही क्या थी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सेनाध्यक्ष के नाम का झूठा इस्तेमाल करने के लिए राहुल गांधी की जम कर आलोचना की। सेनाध्यक्ष ने कभी भी नहीं कहा था कि चीन ने भारत का 4 हजार वर्ग किलोमीटर कब्जा किया है। राहुल गांधी यह झूठ पिछले तीन साल से बोल रहे हैं, और इस बार उन्होंने सेनाध्यक्ष का नाम लेकर झूठ बोला। इससे पहले राफेल के मामले में वह सुप्रीमकोर्ट से माफी मांग चुके हैं, जब उन्होंने कह दिया था कि अब तो सुप्रीमकोर्ट ने भी कह दिया है कि चोकीदार चोर है। अब अगर सेनाध्यक्ष ने मानहानि का केस ठोक दिया तो राहुल गांधी का क्या होगा। पिछली बार मोदी ने राहुल गांधी पर जमकर हमले किए थे, लेकिन इस बार उन पर कटाक्ष कर के मजे लेते रहे। मैं कुछ उदाहरण देता हूँ। जब मीडिया वालों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी से सवाल पूछा था, तो सोनिया गांधी ने तो राष्ट्रपति को बेचारी कहा ही, जिस पर राज्यसभा में उनके खिलाफ विशेषाधिकार का नोटिस दे दिया गया है। बगल में खड़े राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के भाषण को बोरिंग कहा था। निशिकांत दूबे ने उनके खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का नोटिस दे दिया है। लेकिन नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण में गरीबों के लिए बनाई योजनाओं का हवाला देकर कहा कि जो लोग झुग्गियों में फोटो सेशन करवा कर अपना मनोरंजन करते रहते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। पूरे गांधी पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा हम पांच दशक तक गरीबी हटाओ का सिर्फ नारा सुनते रहे, लेकिन हमने दस साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के मक्क्डजाल से बाहर निकाला है। मोदी ने राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी का नाम लिए बिना कहा कि "देश में एक ऐसे प्रधानमंत्री हुए हैं, जिन्होंने कहा था कि केंद्र से एक रुपया चलता है, तो नीचे सिर्फ 15 पैसा पहुंचता है, तो 85 पैसे की हाथ की सफाई कौन करता था। तब तो पंचायत से लेकर केंद्र तक कांग्रेस की सरकार थी। हमने 40 लाख करोड़ रुपया डायरेक्ट बेनिफिट से यह चोरी रोक दी। कांग्रेस के जमाने में दस करोड़ लोगों के नाम पर फर्जीवाड़ा हो रहा है। हमने उन दस करोड़ लोगों के नाम हटा दिए, जो वास्तव में थे ही नहीं, उनके नाम पर सरकारी खजाने की लूट हो रही थी। तीन लाख करोड़ रुपया गलत हाथों में जाने से बच गया, उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहता कि "हाथ" किसका था। यह सीधा कांग्रेस पर कटाक्ष था, जिसने गरीबों के लिए बनी हर सरकार योजना में "कट मनी" की लूट मचा रखी थी।" राहुल गांधी संविधान और लोकतंत्र को खतरे की बातें बहुत करते हैं, तो मोदी ने कहा "जब सत्ता सेवा बन जाए तो राष्ट्र निर्माण होता है। जब सत्ता को विरासत बना दिया जाए, तब लोकतंत्र खत्म हो जाता है। हम जहर की राजनीति नहीं करते हैं। हम देश की एकता को सब से ऊपर रखते हैं और इसलिए सरदार पटेल का दुनिया का सबसे बड़ा स्टैच्यू बनाते हैं, उनका स्मरण करते हैं. वो जनसंघ के नहीं थे।" मोदी ने गांधी नेहरू परिवार पर जोरदार कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली में आपको कई स्थान ऐसे मिलेंगे, जहां कुछ परिवारों ने अपने म्यूजियम बनाकर रखे हैं, जनता के पैसों से काम हो रहा है, लोकतंत्र की आत्मा क्या होती है। हमने प्रधानमंत्री म्यूजियम बनाया, जिसमें देश के सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के जीवन और कार्य को दिखाय गया है। फिर केजरीवाल के शीशमहल का भी जिक्र किया और कहा कि कुछ नेताओं का फोकस जाकुजी और स्टाइलिश शावर पर होता है, जबकि हमारा फॉक्स हर घर जल पहुँचाने पर है। कुछ दल हैं जो लगातार युवाओं को धोखा दे रहे हैं। ये दल चुनाव के समय ये भत्ता देंगे, वो भत्ता देंगे, के वादे करते हैं, लेकिन उन वादों को पूरा नहीं करते। जबकि हम लगातार युवा भविष्य को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। दिल्ली में वोटिंग शुरू होने से सिर्फ कुछ घंटे पहले दिए भाषण में मोदी ने दिल्ली के वोटरों को 12 लाख 75 हजार तक की आय को आयकर मुक्त करने की याद भी दिलाई, अब चुना हार रहा नटवरलाल इस पर भी चुनाव आयोग को चिठ्ठी लिखेगा कि यह आचार सहिंता का उलंघन है। लेकिन आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में तो आतिशी मार्लेना फंस गई, वह आधी रात के बाद 50 लोगों और उप्र के नंबर वाली कारों के काफिले के साथ रंगे हाथों पकड़ी गई।

### मतदान शुरू होते ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं

# मतदान के अलग-अलग रंग, युवाओं में भारी उत्साह बुजुर्ग और दिव्यांगों का हौसला भी कम नहीं



एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए बुधवार सुबह सात बजे से वोटिंग जारी है। 13,766 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। मतदान केंद्रों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। मतदान शुरू होते ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं. युवाओं से लेकर बुजुर्गों-दिव्यागों तक में वोटिंग को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। दिल्ली में पांच फरवरी (बुधवार) को 70 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला 1.56 करोड़ मतदाता करेंगे। 13,766 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। मतदाता सूची में नाम होने पर मतदाता पहचान पत्र न होने की स्थिति में वोट दिया जा सकता है। चुनाव आयोग ने मतदान के लिए पहचान पत्र के रूप में 12 अन्य दस्तावेज व प्रमाण पत्रों को इस्तेमाल करने की स्वीकृति दी है। इनमें से किसी एक दस्तावेज का पहचान पत्र के रूप में इस्तेमाल कर मतदान किया जा सकता है। इनमें पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक या पोस्ट ऑफिस की ओर से जारी फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की ओर से जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आरजीआई (रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड। फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र व राज्य, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, मनरेगा कार्ड, विधायक व संसद सदस्यों द्वारा जारी आधिकारिक पहचान पत्र, सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी विशेष दिव्यांग पहचान पत्र शामिल है। किसी मतदाता के घर वोटर सूचना पर्ची नहीं पहुंच पाई हो तो वे वोटर हेल्पलाइन एप, दिल्ली के सीईओ कार्यालय के वेबपोर्टल के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं और वोटर सूचना पर्ची भी डाउनलोड कर सकते हैं। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन नियमों का पालन करना सभी उम्मीदवारों, दलों और मतदाताओं के लिए अनिवार्य है।

## स्वीडन स्कूल हमले में 10 लोगों की मौत

**ओरेब्रो।** स्वीडन के ओरेब्रो शहर में एक स्कूल पर हुई गोलीबारी की वारदात में 10 लोगों की मौत हो गई है। स्वीडिश पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि पुलिस को अभी यह पता नहीं चल पाया है कि गोलीबारी में कितने लोग घायल हुए हैं। स्थानीय पुलिस प्रमुख रॉबर्टो एड फोरेस्ट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जांचकर्ता गोलीबारी के बारे में और जानकारियां जुटा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी स्कूल (भवन) के अंदर हुई या क्या और भी हमलावर इसमें शामिल थे।'

### क्षमता की वृद्धि में भारत अपना पूरा सहयोग देगा

# 'भूटान की रक्षा तैयारियों को बढ़ाएगा भारत' : राजनाथ

एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत भूटान की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने के लिए तत्पर है। सिंह ने रॉयल भूटान आर्मी के मुख्य परिचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग के साथ हुई बैठक में यह जानकारी दी। शेरिंग शनिवार से भारत की छह दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल शेरिंग ने द्विपक्षीय संबंधों व अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। राजनाथ ने कहा कि 'पड़ोसी पहले' की नीति के तहत भूटान की रक्षा तैयारियों की क्षमता की वृद्धि में भारत अपना पूरा सहयोग देगा। इसमें सैन्य उपकरण, हथियार, हार्डवेयर और परिसंपत्तियों की आपूर्ति भी शामिल है। वहीं, लेफ्टिनेंट जनरल शेरिंग ने भारत के निरंतर सहयोग की सराहना की और भूटान की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने तथा रॉयल भूटान आर्मी (आरबीए) कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने में सहायता करने के लिए भारत को धन्यवाद दिया। उन्होंने क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए साझा दृष्टिकोण को साकार करने में भारत के साथ मिलकर काम करने की आरबीए की दृढ़ प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।



### नस्लीय सद्भाव को मजबूत करने वाला एक नया कानून पारित किया गया

# सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव पर नया कानून पारित, इससे विदेशी हस्तक्षेप पर लगेगी लगाम

एजेंसी, सिंगापुर

सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव को मजबूत करने वाला एक नया कानून पारित किया गया है। इस कानून का उद्देश्य देश में नस्लीय सद्भाव को बढ़ावा देना और साथ ही विदेशी हस्तक्षेप पर लगाम लगाना है। यह कानून सिंगापुर की संसद में एकमत से पारित हो गया। सिंगापुर में 300 समूह और व्यापारिक संघों को नस्ल आधारित इकाई घोषित किया गया है और इन्हें विदेश से मिलने वाली आर्थिक मदद का खुलासा करना होगा। यह कानून मंगलवार को पारित किया गया। सिंगापुर के गृह और कानून मंत्री के षणमुगम ने कहा कि सिंगापुर में पहले से ही नस्लीय सद्भाव को खतरे में डालने वाले आचरण से निपटने के कानून हैं, लेकिन नया कानून इन कानूनों को एक जगह पर लाता है। नए कानून में सामुदायिक सुधारात्मक पहल की भी शुरुआत की गई है, जो कम गंभीर नस्लील अपराधों में आरोपियों को अभियोजन के बदले एक मौका देता है। हालांकि इससे सिंगापुर में मुक्त भाषण पर थोड़ी लगाम लगेगी। षणमुगम ने कहा, 'हमने हमेशा सिंगापुर में नस्लीय सद्भाव को अहम आधार माना है, और इसलिए इस विधेयक को उसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।' षणमुगम ने कहा कि नस्ल संबंधों के बारे में अस्वीकार्य आचरण का दायरा मूल रूप से वही है, क्योंकि नए कानून के तहत अपराध वही हैं जो दंड संहिता में पहले से ही मौजूद हैं। ऑनलाइन टिप्पणियों का जिक्र करते हुए जिसमें 'फिलिस्तीन को स्वतंत्र होना चाहिए' का आह्वान किया गया है, मंत्री ने बताया कि ये हिंसा के आह्वान नहीं हैं, बल्कि राय की अभिव्यक्ति हैं।



संपादकीय

# अवैध प्रवासियों की वापसी

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करने का ऐलान किया था। उस पर उन्होंने अमल शुरू कर दिया है। अगर भारत के संदर्भ में बात करें तो अमेरिका ने इस कार्रवाई के तहत 205 भारतीयों को डिपोर्ट कर दिया है। यूएस आर्मी का एक विमान आज सुबह अमृतसर में लैंड करेगा। भारत पहले ही कह चुका है कि वह उन 18 हजार भारतीयों को वापस ले लेगा, जो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं। इसलिए यह सोचना बेमानी है कि भारत सरकार इसमें कुछ कर सकेगी। वैसे अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की संख्या लाखों में बताई जाती है। भारत सरकार को सोचना यह चाहिए कि आखिर क्यों भारतीय अवैध रूप से लाखों रुपये खर्च करके अमेरिका जाते हैं? अवैध रूप से अमेरिका जाना भी आसान नहीं है। जितने भी लोगों को अब अमेरिका की ओर से वापिस भेजा जा रहा है। वह सभी एजेंटों के जरिये डौंकी लगवाकर जाते हैं। इस तरह एजेंट प्रति व्यक्ति 35 से 40 लाख रुपये लेते हैं। इन सभी लोगों को मैक्सिको, पनामा आदि के जंगलों के जरिये अमेरिका में गैर-कानूनी तरीके से प्रवेश करवाया जाता है। यहां तक बहुत सारे ऐसे भी लोग होते हैं जो अमेरिका तक पहुंच ही नहीं पाते और जंगलों में भूख-प्यास के मारे दम तोड़ देते हैं। कई बार तो पूरा परिवार ही मारा जाता है। इतनी कठिनाई झेल कर अवैध रूप से अमेरिका जाने का क्या मकसद हो होता होगा? जाहिर है, वे अच्छा जीवन जीने की आस में जाते होंगे, जो उन्हें भारत में नसीब नहीं होता होगा। दूसरी वजह बेरोजगारी हो सकती है। अगर अपने ही देश में रोजगार उपलब्ध हो तो क्यों कोई अमेरिका जाएगा और वो भी अवैध रूप से। जो अवैध भारतीय प्रवासी अमृतसर पहुंचेंगे, उनकी पहले जांच होगी। संदेह है कि ऐसे भी लोग हो सकते है, जिनके खिलाफ पंजाब के विभिन्न शहरों में अपराधिक केस दर्ज हों। ऐसे में उनकी पहचान करके गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यानी अभी उनकी राह आसान नहीं है। भारतीय लोगों को तब डिपोर्ट किया जा रहा है, जब आने वाली 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद यह उनकी पहली यात्रा होगी। क्या वे डोनाल्ड ट्रंप के सामने अवैध भारतीय प्रवासियों का मुद्दा उठाएंगे? क्या कोई रियायत देने का आग्रह करेंगे? अमेरिकी सरकार जिस तरह से अवैध प्रवासियों के विरुद्ध एक्शन ले रही है, उससे लगता नहीं कि कोई रियायत मिलेगी।

**क्या प्रधानमंत्री ट्रंप के सामने अवैध भारतीय प्रवासियों का मुद्दा उठाएंगे? क्या कोई रियायत देने का आग्रह करेंगे? ऐसा लगता नहीं कि अमेरिका कोई छूट देगा।**

पाठकवाणी

## बड़ा शोर सुनते थे...

**मध्यम** वर्ग को समर्पित जिस बजट का शोर मच रहा है उस पर हैदर अली आतिश का ये शेर सटीक बैठता है, 'बड़ा शोर सुनते थे पहलू में दिल का, जो चीरा तो इक कतरा-ए-खूं न निकला।' बजट में आयकर में छूट से एक करोड़ लोगों को एक लाख करोड़ रुपये की छूट की बात हो रही है, यानी प्रति व्यक्ति एक लाख रुपये। जबकि बारह लाख तक आय वालों को अधिकतम अस्सी हजार रुपये का ही फायदा होगा। मतलब सभी एक करोड़ करदाता बारह लाख कमा रहे हों, तब भी अधिकतम छूट अस्सी हजार करोड़ की ही होगी। इन एक करोड़ लाभार्थियों में चालीस लाख दिल्ली में हैं। क्या ये छूट दिल्ली चुनावों की वजह से दी गयी है? सरकारी आंकड़ों और परिभाषा के अनुसार देश के लगभग 46 करोड़ लोग मध्यम वर्ग के दायरे में आते हैं, लेकिन उनमें से सिर्फ एक करोड़ को कर छूट का लाभ देकर भी बजट को मध्यम वर्ग का हितैषी कहा जा रहा है। देश में कुल आठ करोड़ लोग आयकर के दायरे में आते है जिनमें सक्रिय करदाता केवल तीन करोड़ हैं। इसके विपरीत देश का हर नागरिक किसी न किसी रूप में जीएसटी देता है। बजट से पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वे 2024-25 कहता है कि भारतीय कंपनियों का मुनाफा 15 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया लेकिन कर्मचारियों के वेतन में इसके मुताबिक बढ़ोतरी नहीं हुई।

-**बृजेश माथुर**, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

कुछ खास



सूत्रों से पता चला है कि ये ईवीएम से 10 फीसदी वोट की गड़बड़ी कर सकते हैं। एक-एक वोट झाड़ू को देने के लिए निकलना चाहिए, ताकि अगर हमारी 15 फीसदी की लीड हो गई तो 5 फीसदी से जीत जाएंगे। ईवीएम से पार पाने का यही एक तरीका है।

-**अरविंद केजरीवाल**, आप संयोजक

आज का ट्वीट



''कल लोकसभा में दिया राहुल गांधी का भाषण हिंदी में ट्रांसलेट करके पूरे देश को सुनाना चाहिए...ये स्पीच बीजेपी के लिए नहीं थी, ये देश के युवाओं के लिए ही है।''

-**सौरभ**

साइबरवर्ल्ड

## इस्राइल, फलस्तीन और अमेरिका

**क्या** आप इस पर यकीन करेंगे कि ट्रंप बिना जंग के ही इस्राइल के लिए गाजा खाली करवाने की कोशिश कर रहे हैं। यही नहीं वो उन सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही भी कर रहे हैं, जिन्होंने अमेरिका में फलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन किया था। डोनाल्ड ट्रंप चाहते है कि गाजा के फलिस्तीनी नागरिक जो सदियों से वहां रह रहे हैं, जिनके पुरखे वहां की मिट्टी में दफ्न हैं, वो उसे छोड़कर जार्डन और इजिप्ट में बस जाएं, उन्होंने फ्लिस्तीनियों पर अपनी मुहब्बत की बौछार करते हुए कहा कि गाजा उनके लिए जहन्नम बन गया है और वो चाहते हैं कि गाजा के लोग शांति से ऐसे इलाके में रहें जहां किसी तरह की हिंसा न हो। उन्होंने जार्डन और इजिप्ट की हुकूमतों से इन्हें अपने यहां बसाने के लिए भी अनुरोध किया है। इजिप्ट के राष्ट्रपति ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। इजिप्ट को आर्थिक सहायता देने के बदले इस प्रस्ताव को मानने का प्रलोभन पहले भी दिया गया था। जर्मनी और फ्रांस ने सख्ती से कहा है कि वो जबरदस्ती फलिस्तीनियों को उनकी जमीन से निकालने के डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करेंगे। फिलहाल जार्डन ने भी इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन इजराइल की मदद से गाजा में जो काम लाखों टन बारूद बरसा कर नहीं कर पाए, वही काम ट्रंप धमकी और कूटनीति के सहारे करने की कोशिश कर रहे हैं। यहां इतिहास और वर्तमान का एक काकटेल शेयर करना जरूरी है। ये एक ऐतिहासिक सच्चाई है कि इस्राइल को अमेरिका और ब्रिटेन ने अपने व्यापारिक हितों के लिए बनाया है और आज जो जायनिस्ट वहां हुकूमत कर रहे हैं, उन्हें यूरोप के विभिन्न इलाकों से लाकर यहां बसाया गया है। एक ऐतिहासिक सच्चाई ये भी है कि इस्राइल को फलिस्तीन और अरब देशों ने कभी कुबूल नहीं किया। अरब के प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे के लिए अमेरिका को इस्राइल जैसा लठैत इस इलाके में चाहिए। इसलिए फलिस्तीन की तबाही की बुनियाद पर इस्राइल को बचाया जाएगा और अरब इलाके के सुल्तान अपनी राजशाही बचाने के लिए फलिस्तीनियों के कत्लेआम पर खामोश रहेंगे।

-**डॉ. सलमान अरशद** की फेसबुक वॉल से

# आओ ताली बजाएं-स्वस्थ्यता की ओर कदम बढ़ाए

## ताली बजाने के उद्धत फायदे हैं - ताली मानवीय ऊर्जा और स्पंदन को उठाती है

**ताली बजाने की परंपरा पुरातन काल से चली आ रही है शायद ऋषि-मुनियों को पता था के लोगों के पास व्यायाम का समय भी नहीं बचेगा - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया** - भारत के हजारों वर्षों के इतिहास का अगर हम अध्ययन करें तो हमें हर सामायिक अंतर में हमें अनमोल गाथाएं महसूस करने को मिलेगी, कि क्यों भारत को सोने की चिड़िया का दर्जा दिया जाता था, क्यों हजारों हमारे पूर्वजों, बड़े बुजुर्गों की अनमोल संस्कृति सभ्यता वैश्विक स्तरपर सटीक लुभावने, आकर्षित करने वाली हैं जिसपर बुरी नजरें अंग्रेजों की पड़ी और इस सोने की चिड़िया को गुलाम बनाकर अनमोल संसाधनों का दोहन किया। वैसे तो गाथाओं का कोई अंत नहीं परंतु आज हम भारत की ताली गाथा पर चर्चा इस आर्टिकल के माध्यम से करेंगे जिसके उद्धत फायदे हैं, मानवीय ऊर्जा और स्पंदन को उठाती है। जो परंपरा पुरातन काल से ही चली आ रही है शायद ऋषि-मुनियों को पता था कि लोगों के पास व्यायाम का भी समय नहीं बचेगा इसलिए ताली संस्कृति शुरू की आओ ताली बजाएं! साथियों बात अगर हम ताली को परिभाषित करने की करें तो, ताली उस ध्वनि को कहते हैं जो दो सपाट सतहों के आपस में टकराने से उत्पन्न होती है, जैसे मनुष्यों या जानवरों के अंगों में, मनुष्य अपने हाथ की हथेलियों द्वारा ताली बजाते हैं, प्रायः प्रशंसा या अनुमोदन (देखें सराहना) की अभिव्यक्ति में निरंतर घनघनाहट साथ, लेकिन कभी-कभी ताली लय के साथ भी बजायी जाती है जिससे कि वह संगीत और नृत्य के स्वरों से मेल करे। सील उन कुछ जंतुओं में से हैं जो ताली बजा सकते हैं। साथियों बात अगर हम ताली बजाने के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की करें तो, ताली बजाना एक व्यायाम ही है, ताली बजाने से हमारे शरीर में खिंचवा होता है, शरीर की मांसपेशियां एक्टिव हो जाती है। जोर झ्र जारे से ताली बजाने से कुछ ही देर में एहसास होगा कि आपको पसीना आना शुरू हो गया और पूरे शरीर में एक उत्तेजना पैदा हो गई है। बस यही है व्यायाम। हमारी हथेलियों में शरीर के अन्य अंगों की नसों के बिंदु होते हैं, जिन्हें एक्यूप्रेशर बिन्दु कहते हैं। ताली बजाने से इन बिंदुओं पर जोर पड़ता है और संबंधित अंगों में रक्त संचार बढ़ता है, जिससे वे बेहतर काम करने लगते हैं। एक्युप्रेशर पद्धति में



ताली बजाना सबसे ज्यादा लाभदायक माना गया है। ताली बजाने की परंपरा पुरातन काल से चली आ रही है। आज मानवीय जीव पास है व्यायाम का भी समय नहीं है इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मंदिरों में ताली बजाने की परंपरा शुरू की ताकि कुछ देर ही सही पर हम व्यायाम कर सकें। साथियों बात अगर हम ताली बजाने को निराशा से उबारने की थेरेपी की करें तो, यह निराशा की स्थिति से उबरने के लिए असरदार थेरेपी है। कोई व्यक्ति पाचन की समस्या से गुजर रहा हो तो उसे क्लैपिंग थेरेपी अपनानी चाहिए। हृदय और फेफड़ों से जुड़ी समस्याओं, अस्थमा के इलाज में यह थेरेपी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह गर्दन के दर्द से लेकर पीठ और जोड़ों के दर्द में भी आराम पहुंचाती है। बच्चे अगर इस थेरेपी को अपनाएं तो इससे उनकी काम करने की क्षमता और बौद्धिक विकास होता है। इससे दिमाग तेज होने में मदद मिलती है। साथियों बात अगर हम ताली बजाने के मौकों की करें तो, खुशी का मौका का हो, किसी की तारीफ करनी हो, कोई जीत का विषय हो या किसी को प्रोत्साहन देना हो, इसके लिए लोग ताली बजाते हैं। ताली बजाना भले ही खुशी जाहिर करने का एक तरीका हो, लेकिन यह तरीका सेहत के लिए भी बड़े काम का है। रोजाना कुछ मिनट के लिए ताली बजाने से कई तरह से स्वास्थ्य को बेहतर करने में मदद मिलती है। इसे क्लैपिंग थैरेपी भी कह सकते हैं। यह थैरेपी हजारों सालों से चलती आ रही है। भारत में भजन, कीर्तन, मंत्रोपचार और आरती के समय ताली बजाने की प्रथा है। इससे मिलने वाले शारीरिक लाभ भी कम नहीं हैं। इसका वैज्ञानिक कारण भी है, क्योंकि विज्ञान के मुताबिक मानव शरीर के हाथों में 29 दबाव केन्द्र यानी एक्युप्रेशर पॉइन्ट्स होते हैं। साथियों बात अगर हम ताली बजाने के प्रेशर प्वाइंट रूपी फायदों की करें तो, (1) ताली बजाने से दिल और फेफड़ों से जुड़ी हुई अस्थमा जैसी समस्याओं में मदद मिलती है (2)पीठ, गर्दन और जोड़ों के दर्द से आराम मिलता है।(3)ताली बजाकर गठिया रोग से भी बचा जा सकता है।(4)लो ब्लड प्रेशर के मरीज भी इस थेरेपी की मदद ले सकते हैं।(5)पाचनतंत्र की समस्याओं में भी क्लैपिंग थेरेपी का इस्तेमाल फायदेमंद साबित होता है। इस तेल से वेट लॉस में होगा फायदा!(6)क्लैपिंग थेरेपी से बच्चों की कार्यक्षमता का विकास होता है और उन्हें पढ़ाई में भी सुधार होता है । जो बच्चे रोजाना ताली बजाते हैं उन्हें लिखने में भी कम परेशानी होती है और उनसे स्पेलिंग से जुड़ी गलतियां भी कम होती हैं। (7)ताली बजाने से बच्चों का दिमाग तेज होता है। (8)शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और बीमारियों से बचने के लिए भी क्लैपिंग करनी चाहिए।(9) रोजाना आधे घंटे ताली बजाने से मधुमेह, गठिया,उच्च रक्तचाप,डिप्रेशन, पुराने सिरदर्द, जुकाम, अनिद्रा, बालों का झड़ना और आंख की समस्याओं से पीड़ित लोगों को मदद मिलती है। (10)घर और ऑफिस में हमेशा एयर कंडीशन में रहने वाले लोग जिन्हें बिल्कुल पसीना नहीं निकलता उन्हें क्लैपिंग थेरेपी का अभ्यास करना चाहिए। क्योंकि यह शरीर में रक्त के प्रवाह को सुचारु बनाकर उसे पूरी तरह से शुद्ध करता है।

अमृतवाणी

## पर्यावरण हित


**एक** बार प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. होमी जहांगीर भाभा मुंबई के पेडर रोड से गुजर रहे थे। एक जगह उन्होंने देखा कि कुछ मजदूर एक हरे-भरे पेड़ की डालों को काट रहे थे। भाभा मजदूरों से बोले, तुम इसे क्यों काट रहे हो? क्या तुम्हें पता है कि बहुत सारे पौधे तो बच ही नहीं पाते।... पेड़ हमारी सेवा करते हैं। इस पर एक मजदूर बोला, साहब, हमें तो कहा गया है कि सड़क चौड़ी करने के लिए इस पेड़ को काटना जरूरी है। इसलिए हम काट रहे हैं। उस मजदूर की बात सुनकर डॉ. भाभा बोले कि तुम बस एक घंटा इंतजार करो। इसके बाद उन्होंने एक अधिकारी को अपने ऑफिस में बुलाकर कहा कि अगर कोई वृक्ष एक जगह पर खड़ा हो तो क्या उसे दूसरी जगह पर ले जाकर लगाया जा सकता है। अधिकारी बोला, सर, कोशिश करने पर सफलता मिल सकती है। यह सुनकर डॉ. भाभा ने अधिकारी को पेडर रोड भेजा। अधिकारी ने वहां एक क्रेन बुलवाई। उन्होंने एक दर्जन श्रमिकों को पेड़ के चारों ओर खोदने को कहा। श्रमिक पेड़ को सावधानी से तब तक खोदते रहे जब तक उसकी जड़ें न नजर आ गईं। इसके बाद वहां से करीब साठ फुट दूर पर एक स्थान देखा गया, जहां पर पेड़ को फिर से लगाया जाना था।



उस स्थान पर एक गड्ढा खोदा गया। गड्ढा खोदने के बाद पेड़ को क्रेन की सहायता से उखाड़ा गया। फिर क्रेन की सहायता से पेड़ को दूसरी जगह पर लाया गया और सावधानीपूर्वक गड्ढे के भीतर रखना शुरू कर दिया गया। इसके बाद गड्ढे को मिट्टी से ढक दिया गया और पेड़ को पानी से अच्छी तरह सींच दिया गया। इस पर डॉ. भाभा बहुत प्रसन्न हुए। कहते हैं कि वह पेड़ आज भी वहीं खड़ा है, जो एक महान वैज्ञानिक का उपहार था।

तीखी नजर

## राजनीति में मुहावरों के अर्थ



डॉ. महेंद्र अग्रवाल

**सां**च को आंच नहीं, नाई नाई बाल कितने, दूध का दूध और पानी का पानी, हाथ कंगन को आरसी क्या पढ़े लिखे को फारसी क्या। ऐसे मुहावरे और कहावतें हैं जो राजनीतिज्ञों और उनके प्रवक्ताओं द्वारा समय-समय पर कही जाती हैं। लेकिन वो या तो इसका अर्थ नहीं जानते या जानबूझकर जानना ही नहीं चाहते, क्योंकि उनकी ही कही बात को सही ढंग से लें तो उनके ही लिए प्रतीत जान पड़ती है। यहां तक कि उन सबके खिलाफ जो उनका एक-दूसरे के विरूद्ध इस्तेमाल करते हैं। कारण ये सभी उक्तियां सत्य की ओर अग्रसर करती हैं, जबकि राजनीति में सत्य के निकट कौन जाना चाहता है, वह तो सदा से भ्रम के साये में जीना और रहना चाहते हैं। उनमें से जो सत्य के निकट गया जिसने सत्य स्वीकारा समझो, उसका राम नाम सत्य हो गया। यही कारण है कि राजनीति में सब आइना लेकर घूमते हैं एक दूसरे को दिखाते हैं पर खुद कोई नहीं देखना चाहता। अब क्यों ये कोई बरमूड़ा का रहस्य नहीं है और न मुर्गी पहले आई या अंडा जैसा गूढ़ प्रश्न। उनका तो सारा काम या दुकान ही झूठ से चलती है।न कोई सच बोलना चाहता है और न सच सुनना।

राजनीति तो ठकुर सुहाती वालों को ही सुहाती है।कोई चुनाव लड़ता है तो वो क्या ये सुनना पसंद करता है कि वहां से पिछड़ रहे हैं या समर्थक से ये सुन सकता है कि इस बार लगता है हार जायेंगे सब यही सुनते हैं या सुनना चाहते हैं कि इस बार लाखों मतों से जीत रहे हैं। आपने देखा होगा कि चुनावों के समय सभी प्रवक्ताओं का यही दावा होता है भले ही जमानत जब्त हो रही हो।मतगणना के दिन भी लगातार यही कहते रहते हैं कि अभी क्या अंतिम परिणाम आने दो जीतेंगे तो हमीं।सम्मुख खड़ी हार को देखकर भी स्वीकार नहीं करते। कहीं किसी का खून हो जाए तो सत्तारूढ दल क्या स्वीकार करता है कि कानून व्यवस्था ठीक नहीं हैं, कहीं भगदड़ में लोग मर जाएं तो सत्तारूढ़ मानेगा कि व्यवस्था में कहीं कोई कमी थी? कोई अपने मन से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहेगा? नहीं न? फिर हम इनसे सच की उम्मीद लगाए रहते हैं, जिनकी पीढ़ियां झूठ बोलते हुए गुजर गईं। राजनीति में जिनकी एक मात्र योग्यता ही झूठ बोलना है। अब तो नेताओं में जैसे होड़ सी लग जाती है कि कौन किससे बढ़िया और टीनोपाल की चमकार सा सफेद झूठ बोल सकता है।

इसलिए इनके होठों पर आने के बाद कहावतों मुहावरों के अर्थ गहरे दलदल में खो गए हैं। दूध का दूध और पानी का पानी का मतलब ये है कि दूध अलग कर नेताजी को मिलना है और पानी पानी पब्लिक को। नाई-नाई बाल कितने से आशय ये है कि प्रशासन में बैठे आदमी ने किस दुखियारे आम आदमी को कितने से मूंढ़ लिया। सांच को आंच नहीं का अर्थ है कि सीधे सच्चे आदमी की चिता को आंच देने वाला भी नहीं आता। कहने का मतलब ये है कि राजनीति में अच्छा आदमी सफल हो ये जरूरी नहीं है, पर सफल आदमी अच्छा हो जाता है इसमें क्या संदेह।

नजरिया

# तनावपूर्ण संबंधों के बीच पड़ोसियों को मदद



**शाहीन सबा**

**भा**रत हमेशा से अपने पड़ोसी देशों से अच्छे संबंधों का हामी रहा है। उनके सुख-दुःख में भागीदार रहता आया है। उनके लिए हमारे आम बजट में भी प्रावधान रखा जाता है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकारों का मानना है कि यह आर्थिक जुड़ाव लंबे समय के लिए किए जाने वाले निवेश जैसा है। किसी देश को जब हम मदद करते हैं तो वो वहां के लोगों तक पहुंचती है और उस देश में भारत की छवि बहुत हद तक बदलती है। दूसरे देशों को मदद देने से हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती भी नजर आती है कि हमारे पास इतनी पावर है कि हम मदद देते हैं। सरकार दूसरे देशों को सहायता बजट में बढ़ोतरी या कटौती कर यह संकेत देने की कोशिश भी करती नजर आती है कि दोनों देशों के रिश्ते किस और जा रहे हैं।

**वित्त वर्ष 2024-25 में नेपाल के लिए संशोधित बजट 700 करोड़ रुपये का था। वित्त वर्ष 2025-26 में भी इसमें कोई कटौती नहीं की गई है और इसे 700 करोड़ ही रखा गया है। श्रीलंका को दी जाने वाली सहायता राशि 300 करोड़ रुपये को बरकरार रखा गया है।**

वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में विदेशी सहायता के लिए संशोधन आवंटन 5 हजार 806 करोड़ रुपये था। इस साल यह 5 हजार 483 करोड़ रुपये रहा है। इसके बावजूद भारत ने अपने पड़ोसी देशों का पूरा ध्यान रखा है। बजट 2025 के फंड आवंटन में मालदीव को फायदा हुआ है। दोनों देशों के बीच पिछले कुछ समय संबंधों में खटास के बाद इसे अहम माना जा रहा है। इसी प्रकार बांग्लादेश से रिश्तों में तल्खियों के बावजूद सहायता राशि में कटौती नहीं की गई है। आइए जानते हैं 2025-26 के बजट में भारत ने अपने पड़ोसी देशों में से किसके लिए कितनी राशि का प्रावधान किया है और इसकी क्या वजह रही है। मालदीव को 2024 के अंतरिम बजट में 600 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का झुकाव चीन की ओर होने की वजह से भारत से मालदीव के रिश्ते खराब होने से जुलाई में पेश हुए पूर्ण बजट में मालदीव के लिए आवंटन घटाकर 400 करोड़ रुपए कर दिया गया। बाद में आवंटन को संशोधित कर 470 करोड़ रुपए कर दिया गया। इसे उस समय दोनों देशों के बीच बढ़ी तनातनी से जोड़ा गया था। लेकिन उसके बाद के 12 महीनों में दोनों देशों ने पहल कर रिश्ते सुधारने की कोशिश की है। बीते साल मुइज्जू 6 से 10 अक्तूबर तक भारत के आधिकारिक दौरे पर आए थे। इसका असर मालदीव को दी जाने वाली आर्थिक सहायता में दिख रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में 28 प्रतिशत की वृद्धि कर इसको बढ़ाकर 600 करोड़ रुपये कर दिया है।

बांग्लादेश में बीते साल पांच अगस्त को शेख हसीना की सरकार का पतन हुआ और वो भागकर भारत आईं। इसके बाद वहां मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में बनी अंतरिम सरकार लगातार भारत के प्रति कड़ा रुख अपनाती दिखी है। लेकिन भारत चूंकि बड़ा देश है



इसलिए वो ये देखता है कि पांच या 10 साल बाद ये जरूरी नहीं कि बांग्लादेश में भारत के खिलाफ ऐसा ही रुख रहेगा। समाज बहुत हद तक निवेश से ही चलता है। ऐसे में पिछले साल बांग्लादेश के लिए संशोधित बजट में 120 करोड़ रुपये की राशि आवंटित हुई थी जो इस बार भी यह 120 करोड़ ही रखी गई है। भूटान और भारत के बीच पिछले कुछ सालों में करीबी बढ़ी है। भारत सबसे ज्यादा भूटान की आर्थिक मदद करता है। भारत ने 2025-26 के बजट में भूटान के लिए 2150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जबकि पिछले वित्त वर्ष के दौरान इसके लिए संशोधित बजट 2543 करोड़ रुपये का था। भारत भूटान को इन्फ्रास्ट्रक्चर, पनबिजली परियोजनाओं और आर्थिक सहयोग से जुड़ी परियोजनाओं के लिए मदद देता है। भारत ने म्यांमार के लिए सहायता राशि को 400 करोड़ से घटाकर 350 करोड़ रुपये कर दिया है। यह कटौती ऐसे समय में की गई है जब म्यांमार में सैनिक शासन और विद्रोहियों में संघर्ष चल रहा है। हालांकि म्यांमार में सशस्त्र संघर्ष की वजह से पूर्वोत्तर में अशांति फैलने की आशंका को लेकर भारत सतर्क है। हाल में भारत ने भारत-म्यांमार सीमा पर आवाजाही को सीमित करने के लिए कड़े नियम बनाए हैं। नेपाल पर हाल के दिनों में चीन का असर बढ़ा है। लेकिन भारत नेपाल के साथ लगातार संबंध सुधारने की कोशिश में लगा है। भारत ने हाल में ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है, जिससे चीन के साथ नेपाल की नजदीकी बढ़े। वित्त वर्ष 2024-25 में नेपाल के लिए संशोधित बजट 700 करोड़ रुपये का था। वित्त वर्ष 2025-26 में भी इसमें कोई कटौती नहीं की गई है और इसे 700 करोड़ ही रखा गया है। श्रीलंका को दी जाने वाली सहायता राशि 300 करोड़ रुपये को बरकरार रखा गया है। इस बार इस राशि में कोई कटौती नहीं की गई है। हाल के दिनों में श्रीलंका ने भारत से अपने रिश्ते सुधारने की कोशिश की है। श्रीलंका के राष्ट्रपति हाल में भारत दौरे पर आए थे। इसके साथ ही अफ्रीकी देशों के लिए सहायता राशि बढ़ाकर 225 करोड़ रुपये कर दी गई है जो पहले 200 करोड़ रुपये थी।

अफगानिस्तान के लिए भारत ने पिछले साल (2024-25) के बजट में पहले 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था लेकिन संशोधित बजट में ये राशि घटाकर 50 करोड़ रुपये कर दी गई थी। अब वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में इसे बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया गया है। हाल ही में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दुबई में तालिबान के कार्यकारी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की थी। माना जा है कि ये भारत ने अफगानिस्तान से ऐसे समय में दोस्ती का हाथ बढ़ाया है, जब पाकिस्तान के साथ उसके रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे हैं। हालांकि लेटिन अमेरिकी देशों के लिए सहायता राशि 90 करोड़ रुपये से घटाकर 60 करोड़ रुपये कर दी गई है। ईरान के चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये और मॉरिशस के लिए भी 500 करोड़ की राशि तय की गई है।

## सार संक्षेप

### पंजाब एफसी ने जिंक अकादमी को हराया

**नई दिल्ली** : पंजाब एफसी ने मंगलवार को ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में करीबी मुकाबले में जिंक फुटबॉल अकादमी को एक गोल के अंतर से हराया। यहां दिल्ली के फ्रंटियर फुटबॉल क्लब में खेले गए ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के रीजनल राउंड के दिल्ली लेग के समापन वाले मैच में पंजाब एफसी ने जिंक फुटबॉल अकादमी को 1-0 से हराया। पहले हॉफ में दोनों ही टीमे गोल करने में विफल रही। वही दूसरे हाफ में दो मिनट बाद शुभम गुरुंग ने 47वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई पंजाब एफसी ने इसे आखिर तक कायम रखते हुए मैच में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, डीएससी के गत विजेता दिल्ली लेग के रीजनल फाइनल में पहुंच गए हैं। नेशनल फाइनल में जगह बनाने के लिए इस दिन होने वाले फाइनल में उनका सामना गढ़वाल हीरोज एफसी से होगा।

### अंकिता रैना ने वैष्णवी अडकर को हराकर अगले दौर में बनाई जगह



**मुंबई** : भारतीय टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने एलएंडटी मुंबई ओपन हमवतन वैष्णवी अडकर को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं। यहां मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में खेले गए मुकाबले में अंकता रैना ने वैष्णवी अडकर के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत दर्ज कर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। अंकिता रैना अगले दौर में कनाडा की दूसरी वरीयता प्राप्त रेबेका मैरिनो से भिड़ेंगी। अंकिता ने टूर्नामेंट को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट भारतीय खिलाड़ियों को दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का शानदार अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैच में मैंने अच्छी शुरुआत की और मुझे पता था कि वह एक आक्रामक खिलाड़ी भी है। मैं उसके खिलाफ खेलकर खुश हूं।

### सिद्धांत और परीक्षित की जोड़ी चेन्नई ओपन के क्वार्टर फाइनल में

चेन्नई : चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के युगल मुकाबले में मंगलवार को सिद्धांत बंथिया और परीक्षित सोमानी ने वाइल्ड कार्ड हमवतन साई कार्तिक रेड्डी गंटा और विष्णु वर्धन की जोड़ी को 6-3, 3-6, 10-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इस बीच ब्रिटेन के बिली हैरिस और दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस ने जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। हैरिस ने यूक्रेनी क्वालीफायर एरिक वैनशेलबोइम को 7-5, 6-2 से हराया, जबकि पूर्व अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट लॉयड हैरिस ने एक अन्य यूक्रेनी क्वालीफायर यूरी दजावाकियन को 6-3, 5-7, 6-0 से हराया। वहीं एकल मुकाबले में मुख्य ड्रॉ में भाग लेने वाले सभी तीन वाइल्ड कार्डधारी भारतीय टेनिस खिलाड़ी शुरुआती दौर में हारकर ही बाहर हो गए। डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ग्रेट ब्रिटेन के जे क्लार्क से 3-6, 5-7 से हार गए, जबकि एक अन्य भारतीय करण सिंह फ्रांस के किरियन जैक्वेट से 3-6, 3-6 से हार गए। वहीं तीसरे भारतीय खिलाड़ी मुकुंद शशिकुमार को एलेक्सी जाखारोव से तीन सेटों में 3-6, 7-6(3), 1-6 से हार का सामना करना पड़ा।

### उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का समापन करेंगे अमित शाह

**नैनीताल** : उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। शाह हल्द्वानी में होने वाले समापन समारोह में शामिल होंगे। उत्तराखंड में इन दिनों पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 28 जनवरी को राजधानी देहरादून में इन खेलों का भव्य शुभारंभ किया। आगामी 14 फरवरी को इन खेलों का विधिवत समापन होना है। हल्द्वानी स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में समापन समारोह होगा। पुष्कर सिह धामी सरकार के लिए राष्ट्रीय खेलों को सफलतापूर्वक संपन्न कराना बड़ी बात मानी जा रही है। इसलिए प्रदेश सरकार इस पल को ऐतिहासिक बनाना चाहती है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार शाह समापन समारोह के साक्षी होंगे। समापन समारोह शाम को चार से पांच बजे के मध्य होगा।

# सतीश कुमार ने जीते दो स्वर्ण पदक

## राष्ट्रीय खेल







देहरादून

**38वें** राष्ट्रीय खेत से बैडमिंटन मुकाबलों का रोमांचक समापन उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में हुआ, जहां देश के बेहतरीन युवा शटलर्स ने अपने कौशल और संघर्ष का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस टूनमिट में तमिलनाडु के सतीश कुमार के. ने शानदार खेल दिखाते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर सभी को प्रभावित किया।

सतीश ने अपना पहला स्वर्ण मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में आध्मा वारियाथ के साथ जीता। उन्होंने महाराष्ट्र के दीप रामभिया और अक्षया वारंग को कड़ी टक्कर के बाद 21-11, 20-22, 21-8 से हराकर जीत दर्ज की। इसके बाद पुरुष एकल फाइनल में सतीश ने उत्तराखंड के सूर्याक्ष रावत को 21-17, 21-17 से हराकर दूसरा गोल्ड मेडल अपने नाम किया। महिला एकल स्पर्धा में हरियाणा की अनमोल खर्ब ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया और दिल्ली की अनुपमा उपाध्याम को 21-16, 22 20 से हराकर खिताब अपने नाम किया। गुजरात की श्रेया लेले और तसनीम मिर ने कांस्य पदक जीते। पुरुष युगल स्पर्धा में कर्नाटक के नितिन एच.वी. और प्रकाश राज एस. ने अपने राज्य के ही वैभव और आाशिच सूर्य को 21-16, 21-14 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उत्तराखंट के सोहेल अहमद और चयनित जोशी तथा अरुणाचल प्रदेश के साई पवन करी और गौस शेख ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला युगल में भी कर्नाटक का दबदबा कायम रहा। शिखा गौतम और अश्विनी भट के. की जोड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए उत्तराखंड की आन्या बिष्ट और एंजल पुनेरा को 21-11, 21-13 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उत्तराखंड की गायत्री रावत और मंसा सक्त तथा तमिलनाडु की भरुल बाला आर. और वर्षिनी वी. एस. ने कास्य पदक जीते। देहरादून में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूनगिट में युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया और बैडमिंटन में देश के उज्जवल भविष्य की झलक पेश की।

### उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने चार पदक जीतकर प्रदेश का नाम किया रोशन

उत्तराखंड के खेद जगत के लिए यह एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है। इस बार राज्य के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। पुरुष एकल वर्ग में सूर्याक्ष रावत ने सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। महिला युगल वर्ग में आन्या बिष्ट और एंजेल पुनेस की जोड़ी ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। पुरुष युगल में सोहेल अहमद और चयनित जोशी ने कांस्य पदक जीता। महिला युगल में गायत्री रावरा और मनसा राका ने भी कांस्य पदक हासिल किया। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि पिछले टूनामेंट में उत्तराखंड से बैडमिंटन युगल मुकाबलों में कोई भागीदारी




नहीं थी। लेकिन इस बार खिलाड़ियों ने न केवल शानदार प्रदर्शन किया बल्कि प्रदेश को चार महत्वपूर्ण पदकों का गौरव भी दिलाया। जब इन विजेता खिलाड़ियों से उनकी उपलब्धि के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमने विपक्षी टीम से बहुत कुछ सीखा।

### उत्तराखंड के नीरज जोशी की शानदार जीत, 38वें राष्ट्रीय खेल में सिल्वर मेडल से प्रदेश का नाम रोशन

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। खासकर वुशू प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ी नीरज जोशी ने सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नीरज का यह सफर संघर्षों से भरा रहा है, लेकिन अपनी मेहनत और उत्तराखंड सरकार की खेल नीतियों से प्रेरित होकर उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया। हल्द्वानी निवासी नीरज जोशी के पिता राजेश बल्लभ जोशी एक किसान हैं और खेती के माध्यम से अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद नीरज ने चूशु में अपना करियर बनाने का सपना देखा और पिछले आठ वर्षों से देहरादून में रहकर प्रशिक्षण लिया। हालांकि, आर्थिक तंगी और चोटों के कारण उनका खेल करियर कई बार संकट में आ गया।

### राष्ट्रीय खेल: बास्केटबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक और शानदार समापन

38वें राष्ट्रीय खेल से बास्केटबॉल 33 टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ, जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश ने पुरुषों के फाइनल में केरल को 22-20 से हराकर जीत दर्ज की, जबकि महिला वर्ग में तेलंगाना ने केरल को 21-11 के बड़े अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुरुषों के सेमीफाइनल में केरल ने तमिलनाडु को 16-15 के कड़े मुकाबले में हराया, जबकि मध्य प्रदेश ने तेलंगाना को 18-14 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग में, तेलंगाना ने सेमीफाइनल में तमिलनाडु को 18-11 से मात दी, वहीं केरल ने मध्य प्रदेश के खिलाफ 13-10 से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। बास्केटबॉल 33 के इन रोमांचक मुकाबलों ने खिलाड़ियों के समर्पण और उत्कृष्ट खेल भावना को प्रदर्शित किया। 38वें राष्ट्रीय खेल ने पूरे भारत से आए खिलाड़ियों की प्रतिभा को उजागर किया, जिन्होंने खेल के प्रति अपने जुनून और कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### 10 मीटर एयर पिस्टल महिला स्पर्धा का रोमांचक क्वालीफिकेशन राउंड

38वें राष्ट्रीय खेल में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला स्पर्धा के कालीफिकेशन राउंड में देशभर से 45 प्रतिभागियों ने फाइनल में स्थान पाने के लिए कड़ी टक्कर दी। इस रोमांचक मुकाबले के बाद शीर्ष आठ निशानेबाजों ने अपनी जगह पक्की कर ली। हरियाणा की सुरुचि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 585 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि उनकी राज्य की साथी पलक ने 580 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। दिल्ली की निममिका राणा ने 576 अंक अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र की अनुभवी निशानेबाज राही सरनोबत ने 575 अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 574 अंक, हरियाणा की यशस्विनी सिंह देसवाल, आंध्र प्रदेश की कारी नागा भुवना, और पंजाब की सिमरनप्रीत कौर ब्रार ने 572 अंक के साथ फाइनल में अपनी जगह बनाई। हरियाणा ने इस कालीफिकेशन राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा, क्योंकि राज्य की तीन निशानेबाजों ने फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और पंजाब से एक-एक निशानेबाज शीर्ष आठ में जगह बनाने में सफल रहे।

# करुणारत्ने 100वां टेस्ट मैच खेलने के बाद टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

● गाले, वार्ता

**श्रीलंकाई** बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने इस सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाले में अपना 100वां मैच खेलने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे।

करुणारत्ने का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। 36 वर्षीय करुणारत्ने ने पिछले 14 महीनों में रन बनाने के लिए संघर्ष करते देखे गए है। वर्ष 2024 की शुरुआत से उनका औसत 27.05 रहा है। श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों में 0-1 से पीछे है। वह 100वां टेस्ट खेलने के साथ ही सनथ जयसूर्या, मुथैया मुरलीधरन, चमिंडा वास, महेला जयवर्धने, कुमार संगकारा और एंजेलो मैथ्यूज के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले सातवें श्रीलंकाई क्रिकेटर भी बन जाएंगे। करुणारत्ने ने कहा कि यह संन्यास लेने का सही समय है क्योंकि अगले डब्ल्यूटीसी चरण में तीन या चार युवा खिलाड़ी आ सकते हैं। यह मैच गाले में होना है, जहां मैंने अपना पर्दपण किया था, इसलिए वहां खेल खत्म करना अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट समाप्त होने के बाद, मैंने एसएलसी से कहा कि अगला टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट



होगा। करुणारत्ने ने नवंबर 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ उसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, जहां से अब वे संन्यास लेने वाले हैं। 2014 में उन्हें कुछ समय के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन उस साल के अंत में उन्होंने अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा। उन्होंने टेस्ट में 34 अर्धशतक और 16 शतक लगाए हैं। उन्होंने अपने 12 साल के टेस्ट करियर में 39.99 की औसत से 7079 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 50 एकदिवसीय मैचों में 1316 रन बनाए है। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 11 अर्धशतक बनाए।

# भारत-पाक मैच के टिकट मिनटों में बिके

### 23 फरवरी को मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी में होगा दोनों देशों का आमना-सामना

**दुबई, वार्ता** : आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले की टिकट कुछ ही मिनट में सोल्ड आउट हो गए। हाइब्रिड मॉडल में हो रहे टूर्नामेंट में 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान का मैच दुबई में खेला जाना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस हाईवोल्टेज मुकाबले के लिए टिकट की बिक्री सोमवार शाम 5 बजकर 30 मिनट पर शुरू हुई थी। टिकट की सबसे कम कीमत 125 दिरहम यानी भारतीय करेंसी में 2964 रुपये थी। वहीं प्रीमियम लॉन्ज की कीमत 5000 दिरहम, भारतीय करेंसी में 1 लाख 18 हजार रुपये थी। हालांकि इस दावे की अभी तक आईसीसी ने न पुष्टि की है, न ही खारिज किया है। जिस स्पीड से टिकट बिक रहे थे वो शॉकिंग था। टिकट खरीदने वाली सुधाश्री के मुताबिक दुबई के निवासी



सुधाश्री ने बताया कि मैं जानता था कि टिकट के लिए वेट करना होगा, लेकिन जिस स्पीड से टिकट बिक रहे थे वो शॉकिंग था। जब मैं टिकट खरीदने पहुंचा तब सिर्फ 2 कैटेगरी बाकी थी। जो मेरे बजट से बाहर थी। पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है। साल 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को फाइनल में पाकिस्तान ने हराकर खिताबी जीत हासिल की थी। इस टूर्नामेंट के ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की टीमें शामिल हैं। वहीं ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमें हैं। सभी टीमें ग्रुप में 3-3 लीग मैच खेलेंगी और और टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

# 'एक सीरीज से फॉर्म डिसाइड नहीं होती'

## उपकप्तान शुभमन गिल बोले- कई प्लेयर्स ने लगातार अच्छा परफॉर्म किया

● नागपुर, वार्ता

**भारतीय** उपकप्तान शुभमन गिल ने कहा है, एक सीरीज पूरी टीम का फॉर्म डिसाइड नहीं कर सकती। मंगलवार को नागपुर में टीम प्रैक्टिस के बाद उन्होंने कहा कि टीम में कई सारे प्लेयर्स हैं, जिन्होंने कई टूर्नामेंट और सीरीज में लगातार अच्छा परफॉर्म किया है।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में हुई 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 3-1 से हार गई थी। सीरीज में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, रोहित शर्मा, रिषभ पंत और खुद शुभमन गिल पूरी तरह से फ्लॉप रहे थे। गिल ने कहा कि अगर बुमराह चोटिल नहीं हुए होते तो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ड्रॉ होती। नागपुर में पहला मैच भारतीय वनडे टीम इंग्लैंड के खिलाफ 6 फरवरी से शुरू हो रही। 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला नागपुर में खेलेगी। इस सीरीज से भारत 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी तैयारी को भी पुख्ता करेगा। प्रैक्टिस के बाद ओपनर गिल ने कहा कि एक सीरीज पूरी



टीम के फॉर्म को डिसाइड नहीं करती है। ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कई टूनामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। हम ऑस्ट्रेलिया में अपनी उम्मीदों के मुताबिक नहीं खेल पाए। गिल ने आगे कहा, हमारे साथ किस्मत नहीं थी, सिडनी टेस्ट के आखिरी दिन जसप्रीत बुमराह चोटिल हो गए। वो होते तो हम मैच जीत सकते थे और सीरीज ड्रॉ हो जाती। ऑस्ट्रेलिया में हार से पहले भारत को न्यूजीलैंड ने घर पर 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।

### रणजी फाइनल में खेलेंगे सूर्यकुमार और दुबे

**लाहली, वार्ता** : भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे लंबे अंतराल के बाद आठ से 12 फरवरी तक होने वाले रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में मुंबई की ओर से हरियाणा के खिलाफ खेलेंगे। दोनों खिलाड़ियों को मुंबई की 18 सदस्यीय रणजी ट्रॉफी टीम शामिल किया गया हैं। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में भारतीय टीम की अगुवाई करने वाले सूर्यकुमार यादव ने सीजन की शुरुआत में महाराष्ट्र के खिलाफ खेला था। जो कि पिछले वर्ष दलीप ट्रॉफी के फाइनल के बाद से उनके द्वारा खेले गए केवल दो प्रथम श्रेणी मैचों में से एक था। वहीं दुबे हाल के दिनों में इस प्रारूप से भी दूर रहे हैं। वह जनवरी के आखिरी में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ मैच खेले थे। सूर्यकुमार और दुबे दोनों ही इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेल रहे थे।

# वरुण चक्रवर्ती को मिला उम्दा प्रदर्शन का इनाम, वनडे टीम में किया शामिल

● नागपुर, वार्ता

**मेजबान** भारत और इंग्लैड के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मेहमान टीम के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है।

वरुण भारतीय टीम के साथ नागपुर में है और उन्होंने मंगलवार को वहां अभ्यास किया। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला एकदिवसीय मैच गुरुवार को खेला जाएगा। वरुण के टीम में शामिल होने को लेकर हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रविवार को समाप्त हुई टी-20 सीरीज में भारत की 4-1 की जीत में वरुण ने 9.86 की औसत और 7.66 की इकॉनमी से सबसे अधिक 14 विकेट झटके। वरुण ने अभी तक टीम इंडिया में अभी तक एकदिवसीय मैच नहीं खेला है अगर वरुण को एकादश में चुना जाता है तो यह इस प्रारूप में उनका पर्दापण होगा। उन्होंने केवल 23 ए लिस्टिड मुकाबले खेले हैं और इस सीजन के विजय हजारे ट्रॉफी में तमिलनाडु के लिए छह मैचों में 18 विकेट लेकर दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।

**6 फरवरी को नागपुर में खेला जाएगा पहला वनडे मैच**



एकदिवसीय टीम में उनकी मौजूदगी से भारतीय स्पिन-आक्रमण मजबूत होगा। टीम में पहले से ही कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर शामिल हैं। भारत बनाम इंग्लैंड एकदिवसीय टीम इस प्रकार है:- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जयसवाल, रिषभ पंत, रवींद्र जड़ेजा, हर्षित राणा (पहले दो वनडे), जसप्रीत बुमराह (तीसरा वनडे) और वरुण चक्रवर्ती।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK